page 1_Layout 1 25-09-2026 21:42 Page 1

अनमोल वचन

'जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।'

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शनिवार, 26 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :154 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती

मानवाधिकार सदस्य पद्मश्री जतिंदर सिंह शंटी 27 सितंबर को करेंगे बरनाला जिले का दौरा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ (यूटी) मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्मश्री जतिंदर सिंह शंटी 27 सितंबर, रविवार को जिला बरनाला पहुंचकर जनसुनवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 सितंबर को अग्रवाल धर्मशाला, तपा में जनसुनवाई कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप के दौरान सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे से शाम 4 बजे तक कम्युनिटी हॉल, चन्नणवाल में जनसुनवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला निवासी इन कैंपों में अपनी लिखित शिकायत लेकर आकर अपने मामले आयोग के समक्ष रख सकते हैं। इन शिकायतों पर मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे और लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर नशों के विरुद्ध कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में गांवों के सरपंच, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और नशा मुक्ति मोर्चे के पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग जनता की समस्याओं के समाधान और उनके दुख-दर्द की सुनवाई के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से लगातार विभिन्न जिलों का दौरा किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

शाहरुख खान बने भारत के सबसे अमीर एक्टर

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली: हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2026 के अनुसार, शाहरुख खान 10,000 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर बने हुए हैं।पिछले एक साल में उनकी नेटवर्थ में लगभग 2,490 से 2,500 करोड़ रुपये की गिरावट आई है (वर्ष 2025 में यह 12,490 करोड़ रुपये थी), फिर भी वह देश के सबसे अमीर अभिनेता के रूप में पहले स्थान पर कायम हैं। शाहरुख खान की इस अपार संपत्ति में उनकी फिल्मों के अलावा उनका प्रोडक्शन हाउस %रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' और आईपीएल टीम %कोलकाता नाइट राइडर्स' (KKR) की हिस्सेदारी मुख्य रूप से शामिल है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2026 के मुताबिक सिर्फ़ एक साल में शाहरुख़ खान की नेट वर्थ लगभग 2,500 करोड़ रुपये कम हो गई है. लिस्ट के मुताबिक किंग खान की मौजूदा नेट वर्थ 10,000 करोड़ रुपये है. इसमें न सिर्फ फ़िल्मों और एड से होने वाली उनकी कमाई शामिल है, बल्कि रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स जैसे उनके बिजनेस से होने वाली कमाई भी शामिल है।अन्य अमीर एक्टर्स की सूची-

कितनी है शाहरुख खान की नेटवर्थ?



अमिताभ बच्चन: 4,000 करोड़ रुपये (दूसरा स्थान)

सलमान खान: 3,000 करोड़ रुपये (तीसरा स्थान)
ऋतिक रोशन: 2,500 करोड़ रुपये (चौथा स्थान)
इस साल लिस्ट से बाहर हुए ये सितारे बता दें कि 2026 की हुरुन लिस्ट से कुछ ऐसे नाम हटा दिए गए हैं जो पिछले साल लिस्ट में शामिल थे. इस बार जूही चावला और करण जौहर लिस्ट में नहीं हैं. 2025 में, जूही चावला की कुल संपत्ति का अनुमान 7 हजार 790 करोड़ रुपये था, जबकि करण जौहर की नेटवर्थ 1 हजार 880 करोड़ रुपये थी. हालांकि, इस साल उनमें से कोई भी लिस्ट में नहीं है।

'यह एक बड़ी उपलब्धि', राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर मनुष-दिया को दी बधाई



नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 में शुक्रवार को मनुष शाह और दिया चितले की जोड़ी ने टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में देश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। मनुष-दिया को खास उपलब्धि हासिल करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एशियन गेम्स 2026 में मिक्स्ड डबल्स इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर मनुष शाह और दिया चितले को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई। यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि भारत ने गेम्स के लगातार तीसरे संस्करण में भी इस खेल में मेडल जीतने का सिलसिला जारी रखा है। भविष्य में और भी कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए मेरी शुभकामनाएं।' केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी भारत की इस जोड़ी को बधाई दी।

पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर का बड़ा दावा :

पंजाब में किसी भी पार्टी को नहीं मिलेगा बहुमत, गठबंधन सरकार की पहल

भाजपा में अपने चार साल के राजनीतिक सफर को लेकर टिप्पणी की

- बोले-कांग्रेस में वापस जाने की उनकी कोई योजना नहीं है
- वहीं, भाजपा में रहने के दौरान उन्हें वास्तव में कुछ हासिल नहीं हुआ
- साथ ही, वह चुनाव लड़ने की सक्रिय राजनीति से भी दूरी बना चुके हैं

डेली आवाज भारती



- 2027 के पंजाब विस चुनाव में किसी एक पार्टी की तस्वीर साफ नहीं
- वहीं कैप्टन ने भाजपा-अकाली दल के बीच गठबंधन की वकालत की

पटियाला। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एक इंटरव्यू में भाजपा में अपने करीब चार साल के राजनीतिक सफर को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि भाजपा में रहने के दौरान उन्हें वास्तव में कुछ हासिल नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल कांग्रेस में वापस जाने की उनकी कोई योजना नहीं है। वहीं 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि फिलहाल किसी एक पार्टी को लेकर साफ तस्वीर नहीं है। उन्होंने भाजपा और अकाली दल के बीच गठबंधन की वकालत करते हुए कहा कि अगर भाजपा पंजाब में सरकार बनाना चाहती है तो उसे अपने पुराने सहयोगी शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन पर विचार करना चाहिए। दोनों दल पहले भी साथ मिलकर सरकार चला चुके हैं और अकाली दल भाजपा का पुराना सहयोगी रहा है। पंजाब में भाजपा के पास फिलहाल पर्याप्त जमीनी समर्थन नहीं है। कांग्रेस में वापसी की चर्चाओं को लेकर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने साफ किया कि कांग्रेस में वापस जाने की उनकी फिल्हाल कोई योजना नहीं है।

अमृतपाल सिंह की रिहाई पर भी बोले कैप्टन

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को रिहा किए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि अमृतपाल को बाहर आकर चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए। किसी व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में रखने से लोकप्रियता बढ़ सकती है। अमृतपाल सिंह वर्तमान में 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े राजनीतिक घटनाक्रम के केंद्र में हैं और 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले उनकी भूमिका को लेकर चर्चा जारी है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह चुनाव लड़ने की सक्रिय राजनीति से भी दूरी बना चुके हैं। इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि कांग्रेस छोड़ने के बाद पार्टी में वापस जाने को लेकर उन्होंने कोई पहल नहीं की है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अमित शाह बोले- तमंचों की फैक्ट्री की जगह बन रही ब्रह्मोस

- कहा, उत्तर प्रदेश में आगरा, अलीगढ़ और अन्य क्षेत्रों में डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ रहा
- योगी आदित्यनाथ सरकार ने उद्योगों की समस्याओं के समाधान और निवेशकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सक्रियता दिखाई



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुक्रवार से शुरू हुए चौथे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार और बदलती अर्थव्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का इंजन बनकर उभर रहा है और प्रदेश में निवेश तथा उत्पादन का माहौल तेजी से मजबूत हुआ है। 25 सितंबर का दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती का दिन भी है। दीनदयाल उपाध्याय ने बहुत पहले मुक्त व्यापार और मुक्त खेती की अवधारणा के साथ देश के सामने आर्थिक नीति का एक दृष्टिकोण रखा था। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर आगे चलकर अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की बनाई जनसंघ आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी बनी और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि करीब 12 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने %मेक इन इंडिया% अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर भारत को उत्पादन और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश ने अपनी विकास दर को बनाए रखा है। गृह मंत्री अमित शाह ने यूपीआईटीएस को उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर का उदाहरण बताते हुए कहा कि पहले संस्करण में व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश में आने की इच्छा जताई, दूसरे और तीसरे संस्करण में उनकी भागीदारी बढ़ी और अब चौथे संस्करण में उद्यमी प्रदेश के विकास में भागीदार बनने के लिए आगे आ रहे हैं। दुनिया भर से खरीदार और निवेशक ट्रेड शो में पहुंचे हैं। इससे प्रदेश में निवेश, उत्पादन और बिक्री के क्षेत्र में बढ़ोतरी की संभावनाएं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और माफिया का प्रभाव था। उनके अनुसार, 2017 के बाद प्रदेश में अपराध और माफिया के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने उद्योगों की समस्याओं के समाधान और निवेशकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सक्रियता दिखाई है। अमित शाह ने उत्तर प्रदेश में हुए औद्योगिक बदलाव को उदाहरणों के जरिए समझाया।

उन्होंने कहा, 'तमंचों की फैक्ट्री की जगह ब्रह्मोस बन रही है। जिन स्थानों पर पहले वाहन चोरी की घटनाएं होती थीं, वहां अब वाहन निर्माण हो रहा है और चेन स्नैचिंग जैसे अपराधों के लिए बदनाम इलाकों में मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी औद्योगिक परियोजनाएं विकसित हो रही हैं।' अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आगरा, अलीगढ़ और अन्य क्षेत्रों में डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 1 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर चुका है और भारत करीब 80 देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है।

शहीद भगत सिंह के जन्मदिन पर पीएयू लुधियाना में 28 सितंबर को होगा विशाल कार्यक्रम 'जश्न-ए-इंकलाब' : परमिंदर सिंह गोल्डी

- भगवंत मान सरकार ने नौजवानों को खेल मैदान और जिम देकर नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित: परमिंदर गोल्डी
- पंजाब के नौजवानों को 'उड़ता पंजाब' कहकर बदनाम करने वालों को नौजवानों ने दिया करारा जवाब

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजन: आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के नेता और पंजाब यूथ वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आगामी 28 सितंबर को पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (पीएयू), लुधियाना के मैदान में विशाल 'जश्न-ए-इंकलाब' कार्यक्रम करवाया जा रहा है। शुक्रवार को आप विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा, शैरी कलसी और यूथ विंग के प्रदेश मीत अध्यक्ष बीर दविंदर सिंह के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान जी की अगुवाई में पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए नौजवानों को एकजुट किया गया है। गांव-गांव जाकर नौजवानों को यूथ क्लबों से जोड़ा गया है। लंबे समय से जो नौजवान रास्ते से भटके हुए थे, उन्हें आम आदमी पार्टी की सरकार ने खेल मैदान, इनडोर व आउटडोर जिम, 'खेडां वतन पंजाब दियां' और 'यूथ मैराथन' जैसे ऐतिहासिक मंच दिए हैं। आज इन सारे प्रयासों में हमारा हंसता-खेलता पंजाब साफ नजर आ रहा है। इस मौके पर सभी नेताओं ने मिलकर कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर भी लॉन्च किया। वहीं, विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा ने कहा कि विरोधी पार्टियां आरोप लगाती थीं कि पंजाब की जवानी भटक चुकी है, लेकिन जब हमने मैराथन की शुरुआत की तो हजारों नौजवानों ने खुद आगे आकर रजिस्ट्रेशन करवाया। बठिंडा में हजारों की संख्या में नौजवानों ने हिस्सा लिया था। जो लोग कहते थे कि पंजाब की जवानी बर्बाद हो गई है, आज भी पंजाब का नौजवान शहीद भगत सिंह के दिखाए रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को पीएयू लुधियाना में दोपहर 3:00 बजे मुख्य समारोह शुरू होगा। उससे पहले यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन करेंगे। शाम को प्रसिद्ध गायक रणजीत बावा जी का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जी मंच से पंजाब के नौजवानों के नाम विशेष संदेश देंगे।

GMADA-REMIGATE मामले में ED का बड़ा दावा

- जमीनों की नीलामी और मुआवजे में बड़ी अनियमितताओं के सबूत मिले

डेली आवाज भारती



मोहाली: Tirupati Infra Projects, Remigate Buildestates और इससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में Enforcement Directorate (ED) ने पंजाब समेत कई जगहों पर बड़ी कार्रवाई की है। श्वष्ठ के मुताबिक, दिल्ली, मोहाली, चंडीगढ़, पंचकूला और लुधियाना में कुल 26 जगहों पर सर्च ऑपरेशन किए गए। ED का कहना है कि कार्रवाई के दौरान GMADA और पंजाब सरकार के Housing & Urban Development Department के दफ्तरों में भी निरीक्षण किए गए, जिसके बाद इन कार्रवाइयों को सर्च में तब्दील करके कथित तौर पर आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और अन्य सामग्री जब्त की गई। ED के मुताबिक, इस मामले की जांच CBI की FIR के आधार पर शुरू हुई। एजेंसी का दावा है कि Tirupati Infra Projects के प्रमोटरों द्वारा करीब ` 238 करोड़ का बैंक फ्रॉड किया गया और कंपनी के फंड निजी फायदों के लिए डायवर्ट किए गए। ED को प्री-सर्च जांच के दौरान कथित तौर पर बड़े स्तर पर कैश लेन-देन, फर्जी शेयर प्रीमियम और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के संकेत मिले। ED ने अपने नोट में दावा किया है कि Remigate Infra Developers Private Limited को करीब 57 करोड़ के statutory dues की waiver का pecuniary benefit मिला। एजेंसी के मुताबिक, इस मामले में वरिष्ठ GMADA अधिकारियों के साथ कथित मिलीभगत के संकेत मिले हैं और इस संबंधी जानकारी PMLA की धारा 66(2) के तहत अन्य Law Enforcement Agencies के साथ साझा की गई है। प्रेस नोट का सबसे गंभीर हिस्सा GMADA के Master Plans, Land Auctions, Acquisitions और Compensation से जुड़े फैसलों को लेकर है। ED का दावा है कि AAP नेता Satyendra Jain और Manish Sisodia द्वारा GMADA अधिकारियों के साथ अनौपचारिक बैठकें की जाती थीं और कुछ अहम फैसले कथित तौर पर Satyendra Jain के निर्देशों पर लिए जाते थे।

सीईसी ज्ञानेश कुमार को सीजेपी का अल्टीमेटम

इस्तीफा नहीं तो देशभर में आंदोलन शुरु करने की चेतावनी

- दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त पर गंभीर आरोप
- बेहद तीखी टिप्पणी करते हुए उन्हें देश का 'सबसे बड़ा गद्दार' बताया गया

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन्हें इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर तय समय में इस्तीफा नहीं दिया गया तो देशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा और इसके बाद दिल्ली में प्रदर्शन किया जाएगा। CJP के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। अभिजीत दीपके ने कहा कि SIR (Special Intensive Revision) के जरिए देश में 13 करोड़ से ज्यादा वोट डिलीट किए गए हैं और इससे लोगों के मतदान के अधिकार पर असर पड़ रहा है। दीपके ने ज्ञानेश कुमार को लेकर बेहद तीखी टिप्पणी करते हुए उन्हें देश का सबसे बड़ा गद्दार बताया। हालांकि, ये आरोप CJP फाउंडर की ओर से लगाए गए हैं और इन्हें स्वतंत्र रूप से स्थापित तथ्य के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। दीपके ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सरकार चुनने का अधिकार है। उनका आरोप है कि ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद ऐसी स्थिति बन रही है, जिसमें यह तय किया जा रहा है कि कौन वोट कर सकेगा और कौन नहीं। पार्टी SIR और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना विरोध जारी रखेगी।

CJP ने इसी क्रम में पहले 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और उसके बाद देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

SIR को लेकर EC के अंदर उठे सवाल

विवाद ऐसे समय आया है जब The Indian E&press की 23 सितंबर की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में चुनाव आयोग के SIR से जुड़े फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज की। रिपोर्ट के मुताबिक, इन आपत्तियों में मतदाताओं के नाम जोड़ने-हटाने, Form 6 में बदलाव और मतदाता सूची के डिजिटल डेटाबेस तक पहुंच जैसे मुद्दे शामिल थे।

CMYK

page 2_Layout 1 25-09-2026 17:19 Page 1

आमजन की सुविधा के लिए शहरी क्षेत्रों में 1646 वार्ड कमेटियां गठित की : मुख्यमंत्री

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आमजन की सुविधा व शिकायतों के समाधान के लिए प्रदेश के सभी शहरी निकायों में 1646 वार्ड समितियों का गठन किया गया है। कोई भी व्यक्ति स्वच्छता व कचरा संग्रहण के संबंध में इन वार्ड समितियों के व्हाटसएप नंबर पर शिकायत दर्ज करवा सकता है जिसका समयबद्ध समाधान किया जाएगा। इसी प्रकार घर-घर कचरा उठाने वाले वाहनों की निगरानी के लिए 87 में से 83 शहरी स्थानीय निकायों में 4जी व 5जी नेटवर्क वाली जीपीएस प्रणाली के वाहन चलाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को शेष चार शहरी स्थानीय निकायों में भी इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के शहरी निकायों में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, रूट मैपिंग, मशीनरी की उपलब्धता, पोर्टल के माध्यम से भुगतान, वार्ड समितियों के गठन, स्वच्छता पखवाड़ा कलैंडर, बल्क वेस्ट जनरेटर्स की पहचान व पंजीकरण तथा एनजीओ मैपिंग एंड एमओयू सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए। बैठक में पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों तथा सीएमजीजीए की अनुशंसाओं पर की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई।

घर-घर कचरा संग्रहण के लिए रूट मैपिंग के निर्देश दिए:

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घर-घर कचरा संग्रहण के लिए रूट मैपिंग की स्थिति की भी समीक्षा की। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा ने बताया कि जून में जहां प्रदेश के 87 में से केवल 28 शहरी स्थानीय निकायों में 100 रूट मैपिंग का कार्य पूरा हुआ था, वहीं 20 सितंबर तक यह संख्या बढ़कर 66 हो गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड के रूट मैपिंग में संबंधित कचरा संग्रहण वाहन, उसका समय और चालक का संपर्क नंबर शामिल किया जाए। यह जानकारी संबंधित वार्ड कमेटी के व्हाट्सएप समूह में साझा की जाए, ताकि घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था की प्रभावी निगरानी हो सके।

कचरा प्रबंधन पोर्टल के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश:

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सेवा प्रदाता एजेंसियों को भुगतान केवल सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट पोर्टल के माध्यम से किया जाए। भुगतान में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा आवश्यकतानुसार दंड का प्रावधान किया जाए।

वार्ड कमेटियों को स्वच्छता व्यवस्था में सक्रिय भूमिका देने पर जोर:

अधिकारियों ने बताया कि सितंबर तक 87 में से 86 शहरी स्थानीय निकायों में 1,646 वार्ड कमेटियां गठित की जा चुकी हैं जो पूरी तरह से सक्रिय हैं। वार्ड कमेटियों के सदस्यों को पहचान पत्र भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वार्ड कमेटियों को स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी, स्थानीय समस्याओं की पहचान और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका देने पर जोर दिया।

साईबर ठगी के लगातार बड़ रहे मामले, चार लोगों से लाखों रुपए ऑन लाईन ठगे

डेली आवाज भारती

- चार लोगों के फोन हैक ठगों ने उनके खातों से उड़ाई लाखों की राशि, थाना साइबर क्राइम पुलिस दर्ज किए मामलें

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): साईबर ठगी के मामलें जिला फिरोजपुर में लगातार बड़ते जा रहे है और दोषियों की तरफ से भोले-भाले लोगों को अपने झांसे में लेकर लाखों रुपए की राशि ठगी जा रही है। मालूम हो कि बीते दिन भी थाना साइबर क्राइम फिरोजपुर की पुलिस ने चार लोगों से हुई लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी एवं अन्य धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए साईब्र क्राईम सैल फिरोजपुर के एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयानों में राजिन्द्र कौर बराड़ पत्नी भूपिंदर सिंह बराड़ निवासी फिरोजपुर कैंट ने बताया कि उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसने अपने आप को डॉक्टर हार्सन जेफरी बताकर उसके पति के चाचा के लडक़े का दोस्त होने का झांसा दिया। जिसके बाद उसने एयरपोर्ट कस्टम फीस और इंडियन क्रंसी की समस्या का बहाना बनाकर विभिन्न तारीखों में कुल 4,96,999 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवाकर उसके साथ ठगी की है। एक अन्य मामलें संबंधी एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि इसी तरह शिकायतकर्ता रविंदर कुमार पुत्र हंस राज निवासी मकान 137 बाजार नंबर 07 फिरोजपुर ने बताया कि 22 सितंबर की रात को उसका मोबाइल फोन अचानक बंद हो गया। जब उसने अगले दिन गूगल-पे के माध्यम से बैलेंस चेक किया तो उसके यस बैंक और एच.डी.एफ.सी बैंक के खातों से कुल 1,05,999 रुपये गायब थे, जोकि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आईन लाईन निकालकर उसके साथ ठगी की है। इसके अलावा एक अन्य मामले संबंधी शिकायतकर्ता पंकज कपूर पुत्र रमेश कपूर निवासी वार्ड नंबर 14 गांधी नगर फिरोजपुर सिटी ने बताया कि दिनांक 22 सितंबर की रात को उसका फोन बंद होने के बाद उसके बैंक के दो अलग-अलग खातों से 12 ट्रांजेक्शनों के माध्यम से अज्ञात ठगों ने 3,72921.60 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए है और उसके साथ ठगी की है। एएसआई जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में डिंपी वासन पुत्र दर्शन सिंह निवासी फिरोजपुर कैंट ने बताया कि उसे व्हाट्सएप पर एक वेडिंग कार्ड (इनविटेशन कार्ड) की फाइल आई, जिसे खोलते ही उसके सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक के खातों से 1,61,825 रुपये की ऑनलाइन राशि निकल गई और इस तरह से अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ ठगी की है। मालूम हो कि उक्त सभी मामलों में शिकायतकर्ताओं द्वारा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायतें दर्ज करवाई गई है।

जमीन की खरीद-फरौख्त के नाम पर व्यक्ति से दो लोगों ने 30 लाख रुपए ठगे

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर दोषियों पर दर्ज किया धोखाधड़ी करने का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने गांव कोट इसेखां रोड निवासी व्यक्ति के साथ जमीन की खरीद-फरौख्त को लेकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के एस.आई सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शमिन्द्रपाल सिंह बराड़ पुत्र मनजीत सिंह बराड़ वासी कोट इसेखां रोड जीरा ने बताया कि उसने जमीन की खरीद करनी थी और उसके डीलर प्रितपाल सिंह ने उसे बताया कि भिंद्रपाल सिंह संघा पुत्र सुखदेव सिंह वासी गांव साधा वाला व परमजीत सिंह पुत्र भजन सिंह वासी गांव वकीलां वाला की 84 कैनाल जमीन गांव वकीलां वाला में है और वह उसे बेचने चाहते है। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद उसने भिंद्रपाल सिंह व परमजीत सिंह के साथ संपर्क करके जमीन का सौदा 29 लाख 50 हजार रुपए प्रति किले के हिसाब से तय किया और दोषियों ने उससे कैश एवं चैक के जरिए 30 लाख रुपए की राशि हासिल की थी, लेकिन दोषियों ने उसे जमीन की रजिस्ट्री करवाकर नहीं दी और उसके साथ इस तरह से 30 लाख रुपए की ठगी की है। मामले की जांच कर रहे सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में भिंद्रपाल व परमजीत पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जीरा पुलिस ने चार ग्राम हेरोइन के साथ 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बंडाला नौ बंब से 1 नौजवान को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए दोषी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बंडाला नौ बंब के नजदीक से शक के अधार पर मनजीत सिंह पुत्र झंडा सिंह वासी गांव बंडाला नौ बंब को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे गगनप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में मनजीत सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विपक्ष भारतीय संवैधानिक संस्थाओं को खत्म कर देश में तानाशाही लाना चाहता है : अनिल विज

डेली आवाज भारती



यमुना नगर हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि अंबाला छावनी में बनाए गये %आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक% का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और इस स्मारक का जल्द ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी उदघाटन करेंगे। इसके अलावा, विज ने आज विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करना चाहता है और देश में तानाशाही लागू करना चाहता है। विज आज यमुनानगर में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज बैठक में 16 शिकायतों का निपटारा और आगामी कार्यवाही के निर्देश दिये गए है। चुनाव आयोग के मामले के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह विपक्ष द्वारा विशेष तौर पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा बड़े लंबे समय से एक अभियान चलाया जा रहा है, कि हिंदुस्तान की जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं यानी कि चुनाव आयोग, ईडी या सीबीआई इत्यादि पर प्रहार किया जाए। उन्होंने कहा कि इनके (राहुल गांधी) अंदर भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिसने देश के सारे नियम तोड़कर आपातकाल लगाया था, का ही खून है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके (राहुल गांधी) अंदर प्रजातंत्र वाला खून नहीं है, इनके अंदर डिक्टेटरशिप वाला खून है।

विज ने कहा कि यह किसी कानून को नहीं मानते और किसी नियम को नहीं मानते। उन्होंने कहा कि ऐसे ही पिछले दिनों भी इन्होंने जंतर मंतर पर धरना दिया जबकि सुप्रीम कोर्ट उस विषय के संबंध में निर्देश दे चुका था। उन्होंने कहा कि यह देश में तानाशाही लागू करना चाहते हैं और संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने तो दो ढाई साल के लिए ही तानाशाही की थी जबकि यह हमेशा के लिए तानाशाही लाना चाहते हैं। विज ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष बहुत शोर मचाता हैं लेकिन लोग इनकी बातों में नहीं आते हैं। अभी हाल ही में इन्होंने मध्य प्रदेश के इंदौर में जाकर बेहूदा एक्टिंग युवकों के सामने दिखाई क्योंकि यह युवाओं को बिगाड़ना चाहते हैं लेकिन युवा इनकी बातों में आने वाला नहीं है। विज ने कहा कि प्रजातंत्र में कौन क्या कह रहा है वह महत्व नहीं रखता बल्कि प्रजातंत्र में मतदान क्या कह रहा है वह महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय में एबीवीपी ने चुनाव जीता और जेन-जी और युवाओं ने एबीवीपी को वोट देकर एनएसयूआई के सभी उम्मीदवारों को हराने का काम किया। इसी प्रकार, चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय में भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विजय हुई है। उन्होंने कहा कि जेन-जी युवा इनको पूरी तरह से जान गए है और अब विपक्ष पूरी तरह से बौखला चुका हैं क्योंकि यह बेवजह के रोजाना मुद्दे उठते हैं। इसी प्रकार, त्योहारों के समय जाम होने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि एसपी साहब को कहा गया है कि त्योहारों के मौसम में कहीं पर भी जाम ना लगने दिया जाए और समुचित व्यवस्था की जाए तथा कर्मचारियों को तैनात किया जाए।

चुनावी प्रक्रिया पर उठे सवालों का तथ्यात्मक जवाब दे चुनाव आयोग : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूचियों और चुनावी सॉफ्टवेयर को लेकर जो गंभीर सवाल उठाए हैं, उन्हें राजनीतिक आरोप बताकर खारिज नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्टों में दो चुनाव आयुक्तों द्वारा कई अवसरों पर लिखित आपत्तियां दर्ज कराने की बात सामने आने से पूरा मामला और गंभीर हो गया है। चुनाव आयोग को इन आपत्तियों, उन पर लिए गए निर्णयों और सॉफ्टवेयर की भूमिका से संबंधित पूरा रिकॉर्ड देश के सामने रखना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि उत्तराखंड में एसआईआर के दौरान सामने आए आंकड़ों के अनुसार 42,030 फॉर्म-7 आवेदन एईआरओ तथा 22,443 आवेदन ईआरओ के नाम से दाखिल दिखाए गए। फॉर्म-7 किसी मतदाता का नाम सूची से हटाने की आपत्ति के लिए होता है, इसलिए यह स्वाभाविक सवाल है कि जिस ईआरओ को इन आपत्तियों पर निष्पक्ष निर्णय लेना है, उसी के नाम से हजारों आवेदन कैसे दर्ज हो गए। पंजाब में ई आरओ और एईआरओ के नाम से ऐसी आपत्तियों की संख्या केवल 215 बताई गई है, जबकि उत्तराखंड में यह आंकड़ा 64 हजार से अधिक होना असामान्य है और इसकी स्पष्ट व्याख्या जरूरी है। सांसद ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से अब लगभग 95 हजार फॉर्म-7 आवेदन सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्वतः जनरेट होने की बात स्वीकार की गई है। यदि किसी मतदाता को ÷लॉजिकल डिक्रिपेनसी के आधार पर अपात्र चिह्नित करते ही ईसीआईश्व-नेट स्वयं फॉर्म-7 तैयार कर देता है, तो चुनाव आयोग बताए कि यह व्यवस्था किस वैधानिक नियम, सक्षम अधिकारी के आदेश और निर्धारित प्रक्रिया के तहत लागू की गई। प्रत्येक स्वतः जनरेट फॉर्म-7 का डिजिटल लॉग, कारण, तारीख, अधिकृत अधिकारी और की गई सुनवाई का विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

जन्मदिन पर मिले स्नेह और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार : कुमारी सैलजा

मेरे जन्मदिन पर देश और प्रदेश के कोने-कोने से मिले अपार स्नेह, शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों, शुभचिंतकों और प्रदेशवासियों की हृदय से आभारी हूं। आपका प्रेम और विश्वास मुझे जनसेवा, सामाजिक न्याय, समानता तथा संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने की नई शक्ति देता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के न्याय, समानता और संविधान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। आपका साथ और विश्वास मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। एक बार फिर आप सभी का दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद

प्रेम नगर बोहड़ांवाली की मनप्रीत कौर (नूर स्टूडियो) को वार्ड नंबर 18 की प्रधान नियुक्त किया गया

डेली आवाज भारती



बटाला/कलानौर/डेरा बाबा नानक, (अमनदीप संधू): स्त्री अकाली दल को मजबूत करने के लिए शिरोमणि अकाली दल के हलका प्रभारी नरेश महाजन तथा स्त्री विंग की हलका प्रधान रणबीर कौर दीप्ति की अगुवाई में प्रेम नगर बोहड़ांवाली में वार्ड नंबर 18 के अंतर्गत एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्त्री विंग को मजबूत करने के लिए 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान मनप्रीत कौर (नूर स्टूडियो) को वार्ड नंबर 18, प्रेम नगर बोहड़ांवाली की प्रधान नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनप्रीत कौर ने कहा कि पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल और हलका प्रभारी नरेश महाजन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी तनदेही से निभाएंगी। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल को मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा और पार्टी को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर हलका प्रभारी नरेश महाजन, हलका प्रधान रणबीर कौर दीप्ति, सहजपाल सिंह गुराया, जसपाल सिंह दींता, करनदीप सिंह सोहल, मनप्रीत कौर, सिमरजीत कौर, तजिंदर कौर, अमृतपाल कौर, राजविंदर कौर, बलविंदर कौर, रेनू भल्ला, सुमित्रा, बलबीर कौर, आशा रानी, गुरमीत कौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

पैरागाबलीन के 199 कैप्सूलों सहित पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, 25 सितंबर (अमनदीप गिरधर)- थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों को पकडऩे के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम की एस.आई गगनदीप कौर ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र दर्शन सिंह वासी गांव अलीके झुगे को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से पैरागाबलीन 300 एमजी के 20 पत्ते कुल 199 कैप्सूल बरामद किए है। मामले की जांच कर रही गगनदीप कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में गुरप्रीत सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

हरियाणा बैंक घोटाला: छह आईएएस के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, सीबीआई ने किए कई सनसनीखेज खुलासे

डेली आवाज भारती

पंचकूला। आईडीएफसी और एयू स्मॉल फाइंसेस बैंक घोटाला मामले से जुड़ी सीबीआई की चार्जशीट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हरियाणा बैंक घोटाले में सीबीआई की चार्जशीट में छह आईएएस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सीबीआई ने जिन छह आईएएस के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है, उनमें साकेत कुमार, आरके सिंह (राम कुमार सिंह), पंकज अग्रवाल, प्रदीप कुमार, विनीत गर्ग और मोहम्मद शाइन शामिल हैं, जिनमें से तीन आईएएस गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में ही हैं।

चार्जशीट के अनुसार, आईएएस अधिकारियों पर बैंक अधिकारियों और अन्य आरोपियों के साथ साजिश रचकर सरकारी पैसे को निजी बैंकों में ट्रांसफर कराने, बैंक चयन और एफडी निवेश के नियमों की अनदेखी करने, वित्त विभाग की तय सीमाओं को दरकिनार करने, फर्जी अथवा बदले हुए दस्तावेजों का इस्तेमाल करने, सबूत छिपाने और रिश्वत या अन्य अनुचित लाभ लेने के आरोप हैं। सीबीआई के अनुसार, तत्कालीन स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त एवं सचिव और बाद में कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रहे पंकज अग्रवाल पर निजी बैंक अधिकारी से अनुचित लाभ लेने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप हैं कि बैंक अधिकारी रिभव ऋषि ने अग्रवाल के लिए मुजरा पार्टियों, होटल में ठहरने और महिलाओं की व्यवस्था तक कराई। चार्जशीट के अनुसार, जीरकपुर के होटल जेड मैनर में नवंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच चार बार मुजरा पार्टियां हुईं। इनमें डांस कलाकारों, खानपान और शराब का खर्च रिभव ऋषि ने उठाया। 24 दिसंबर 2025 को चंडीगढ़ के ट्रिब्यून चौक पर स्थित होटल नोबोटेल में एक महिला को बुलाया गया। इसका भुगतान रिभव के करीबी अभय कुमार ने यूपीआई से किया था। सीबीआई के मुताबिक, 10 जनवरी 2026 को मोहाली के होटल बाइंडम में एक सुइट बुक कर एक अन्य महिला को बुलाया गया। इसे 75,000 रुपए रिभव ऋषि के पैसों से दिए गए। पंकज अग्रवाल की मौजूदगी और उनका होटल से उबर कैब से घर लौटना रिकॉर्ड में दर्ज है। अक्टूबर 2025 में दिल्ली के होटल



रिभव ऋषि के क्रेडिट कार्ड से बुक कराया गया। अक्टूबर 2025 में ही पंकज अग्रवाल की पत्नी के लिए चंडीगढ़ के होटल नोबोटेल में एक पार्टी हुई। इसका 9,399 रुपए का पूरा बिल रिभव ऋषि ने चुकाया था।

चार्जशीट के मुताबिक, साकेत कुमार 16 जून 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव रहे और हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) के एमडी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। आरोप है कि उन्होंने बैंक खाते खोलने के प्रस्ताव पर केवल 'सीन' (देख लिया) लिखकर मंजूरी दी, जबकि बैंक चयन का अधिकार डायरेक्टर जनरल (डीजी) के पास था और न ही कोटेशन मंगाई गई और न वित्त विभाग को मंजूरी ली गई।

जांच के अनुसार पंचायत विभाग के पूर्व अधिकारी नरेश कुमार के जरिए आईडीएफसी बैंक के पूर्व अधिकारी रिभव ऋषि की सिफारिश पर उन्होंने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में खाते खुलवाने के लिए डीजी को प्रभावित किया। 29 दिसंबर 2025 को एचपीजीसीएल पेंशन फंड ट्रस्ट से 25 करोड़ रुपए निकालकर आईडीएफसी बैंक में डालने की साजिश का जिक्र है। साकेत कुमार के आईडीएफसी बैंक के अधिकारियों के 'सुकून' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने की बात भी कही गई है।

चार्जशीट में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष विनीत गर्ग को लेकर कई अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। उनके कार्यकाल में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को कई निवेश मामलों में प्राथमिकता मिली। 24 अक्टूबर 2025 को सदस्य सचिव ने 25-25 करोड़ रुपए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और आईडीएफसी में लगाने की सिफारिश की थी। इसे बदलकर पूरी 50 करोड़ राशि आईडीएफसी में लगाने का निर्णय किए जाने का जिक्र है। चार्जशीट में 6 मई 2025 को आईसीआईसीआई से 3.50 करोड़ रुपए निकालकर आईडीएफसी में जमा कराने के मौखिक निर्देश का भी आरोप है। सीबीआई के अनुसार, दीपावली से पहले रिभव ऋषि के माध्यम से विनीत गर्ग के घर 50-50 ग्राम के दो सोने के सिक्के पहुंचाए जाने की भी जांच की गई। चार्जशीट में कॉल रिकॉर्ड और गवाहों के बयानों समेत कई साक्ष्यों का जिक्र है। चार्जशीट के अनुसार पंचकूला नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त आरके सिंह के घर में 11 जनवरी 2026 को 50 लाख रुपए पहुंचाए गए। 22 जनवरी को दिल्ली में उनके बेटे प्रशांत सिंह को तीन किश्तों में 2 करोड़ रुपए दिए गए। पहचान के लिए 10 रुपए के नोट का नंबर मिलाया गया। सिंह ने आईडीएफसी बैंक की अलग-अलग ब्याज दरों के बावजूद एफडी कराई। जब सेक्शन अफसर अनिल कुमार ने कोटेशन मंगाने का सुझाव दिया तो सिंह ने उन्हें डांटा और कहा, %भाई तू बहुत ज्यादा सयाना है क्या?% इसके बाद 17 नवंबर को उसे हटा दिया।

2.5 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित दो गिरफ्तार

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 2.5 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान बरामद किया है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहसहाय के एसआई बलदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर दाना मंडी गेट नंबर 2 गुरुहरसहाय के नजदीक छापेमारी करके वहां से 1.5 ग्राम हेरोइन का साथ जसविन्द्र सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी गांव मोहनके उताड़ को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरे मामले में थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर दोषी कारज सिंह पुत्र मल सिंह वासी गांव डोड को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 10 रुपए का नोट और 1 लाईटर बरामद किया है।

CMYK

page 3_Layout 1 25-09-2026 21:11 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ❯❯ शनिवार, 26 सितंबर 2026

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अमृतसर पहुंचे; ड्रग्स के मुद्दे पर पंजाब सरकार पर साधा निशाना

'जेलों में भी ड्रग्स बिक रहे हैं, बोलने वालों पर कार्रवाई हो रही है' : अर्जुन राम मेघवाल का बड़ा आरोप

डेली आवाज भारती

अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल) केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (इंडिपेंडेंट चार्ज) अर्जुन राम मेघवाल आज अमृतसर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंजाब में बढ़ते ड्रग संकट को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब को ड्रग-फ्री बनाना और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करना सिर्फ किसी एक पॉलिटिकल पार्टी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह राज्य के हर नागरिक का साझा संकल्प होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किया गया यह कैंपेन सिर्फ एक पॉलिटिकल प्रोग्राम नहीं है, बल्कि एक बड़ा



सोशल रिफॉर्म कैंपेन है। इसे राजनीतिक नज़रिए से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश 'डेवलप्ड इंडिया' के कॉन्सेप्ट के साथ आगे बढ़ रहा है, तो इस विज़न में पंजाब का पूरी तरह से डेवलप होना बहुत ज़रूरी है। पंजाब के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए मेघवाल ने कहा कि एक समय था जब पंजाब देश की ड्रग्स में लीडिंग रोल निभाता था और देश के सबसे डेवलप्ड राज्यों में गिना जाता था। लेकिन आज, ड्रग्स की लत ने पंजाब के युवाओं और उनके परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। अपने दौरे के दौरान ड्रग्स से प्रभावित परिवारों से मिलने का एक इमोशनल किस्सा शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि एक बुजुर्ग महिला ने

पंजाब को फिर से खुशहाल बनाने का आह्वान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर पंजाब को फिर से खुशहाल और डेवलप बनाना है, तो इस ड्रग्स के नेटवर्क को पूरी ताकत से तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब के लोगों के साथ अपना कैंपेन तब तक जारी रखेगी जब तक यह सामाजिक बुराई खत्म नहीं हो जाती।

उन्हें रोते हुए बताया कि वह किसी तरह बर्तन धोकर अपना घर चला रही थी और ड्रग्स की वजह से उसका परिवार बर्बाद हो गया है। मौजूदा गवर्नेंस सिस्टम पर तीखा हमला करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि करीब साढ़े चार साल पहले, राज्य में सरकार बनाने वालों ने दावा किया था कि वे दो से तीन महीने के अंदर ड्रग्स को जड़ से खत्म कर देंगे। लेकिन असलियत यह है कि ड्रग्स खत्म होने के बजाय और भी फैल गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एडमिनिस्ट्रेशन और सिस्टम में बैठे कुछ लोग ड्रग्स के काले धंधे में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि ड्रग्स पूरी ताकत से जेलों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खुलेआम ड्रग्स बेचने वालों पर एक्शन लेने के बजाय, ड्रग्स की तस्करी के खिलाफ आवाज उठाने वालों को ही टारगेट किया जा रहा है। इस मिलीभगत की वजह से राज्य में करप्शन भी बढ़ा है।

जीरा विकास परिषद की तरफ से निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर आज

- कैंप की सफलता के लिए संस्था पदाधिकारियों ने की अहम बैठक

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जीरा विकास परिषद की तरफ से 26 सितंबर को निरंकारी भवन जीरा में लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर संबंधी अहम बैठक संरक्षक सुखदेव बिट्टू विज और अध्यक्ष चरणप्रीत सिंह सोनू के नेतृत्व में हुई। जिसमें बताया गया कि कैंप संबंधी सभी तैयारियां मुकम्मल हो चुकी है। बैठक में जीरा विकास परिषद के संरक्षक और नगर परिषद जीरा के पूर्व उपाध्यक्ष सुखदेव बिट्टू विज एवं अध्यक्ष चरणप्रीत सिंह सोनू ने लोगों को अपील की कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर इस पुण्य के कार्य में सहयोग करें।



उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान की अवश्यकता किसी भी समय मरीज को पड़ सकती है और हमारी तरफ से दान किया गया रक्त उस समय जरुरतमंद के लिए अमृत के सम्मान साबित होता है। उन्होंने बताया कि जीरा विकास परिषद समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार जनहित के काम कर रही है और 26 सितंबर को लगने वाला रक्तदान शिविर भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज सेवा के कार्यों में भाग लेने चाहिए और जरुरतमंदों की सहायता करना चाहिए है। इस मौके पर अमनदीप हेड ब्रांच ज़ीरा, सुखमीत सिंह फिजियोथेरेपिस्ट, हरजिंदर सिंह, शमिंदर सिंह, निर्मल सिंह, केशव मल्होत्रा गुरबख्श सिंह विज कैशियर, नरिन्द्र नारंग सलाहकार, वीर सिंह चावला, सतीश मोहन देवगन, जनक राज गौतम, रिपन अरोड़ा, सौरव बांसल, महिन्द्र पाल कुमार बैंक वाले, रमेश फार्मासिस्ट, जय राम बत्रा, मदन बावा, सुरिन्द्र शर्मा जेई, डा.सुखमीत फिजियोथेरेपिस्ट, वनिता झांजी अध्यक्ष महिला विंग, किरण जुनेजा उपाध्यक्ष, रजवंत कौर, रमा शर्मा सिलाई सेंटर इंचार्ज, सुमन गौतम, नीरू अरोड़ा, ऊषा मैडम, प्रिंसिपल पूनम शर्मा, फोटोग्राफर मुकेश और अन्य मैबर मौजूद थे।

27 सितंबर को सभी बी.एल.ओ अपने पोलिंग बूथों पर उपस्थित रहेंगे : जिला चुनाव अधिकारी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भारत चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव अधिकारी पंजाब द्वारा चलाई गई स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन मुहिम के तहत सभी योग्य नागरिकों के पंजीकरण के उद्देश्य से एक विशेष कैंप के तहत 27 सितंबर 2026 दिन रविवार को जिला फिरोजपुर के सभी बूथों पर बी.एल.ओ उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं को आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

यह जानकारी जिला चुनाव अधिकारी श्रीमती दीपशिखा शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि जिला फिरोजपुर के सभी चुनाव हलकों में बी.एल.ओ द्वारा दिनांक 27-09-



जानकारी देती हुई जिला चुनाव अधिकारी श्रीमती दीपशिखा शर्मा।

2026 (दिन रविवार) को सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विशेष कैंप के तहत अपने-अपने पोलिंग बूथों पर उपस्थित रहेंगे और विशेष कैंप के दौरान बी.एल.ओ द्वारा दूसरे फेज के दौरान तैयार की गई ए.एस.डी.डी लिस्ट को मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों और उनके द्वारा नियुक्त किए गए बी.एल.ए. और मतदाताओं के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष कैंप के दौरान मतदाता अपने नाम और संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर सकेंगे, यदि किसी मतदाता को अपने रिकॉर्ड संबंधी कोई आपत्ति या गलती नजर आती है तो वह अपनी आपत्ति/जानकारी संबंधित बी.एल.ओ को दे सकता है, ताकि मामले की नियमानुसार जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने वडाला जौहड़ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालु मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठा चुके हैंः हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल): पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव वडाला जौहड़ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को खालसा की जन्मभूमि श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और माता श्री नैना देवी मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री





तीर्थ यात्रा योजना से प्रदेश के लोगों को बहुत बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से लोग पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कर रहे हैं और सरकार को आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालु मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीमों की व्यवस्था भी की जाती है, ताकि किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने, खाने और अन्य आवश्यक सुविधाओं का पूरा प्रबंध पंजाब सरकार द्वारा किया जाता है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपने पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पंजाब के 'श्रवण पुत्र' का फर्ज निभाया है और लोगों को पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए यह विशेष पहल की है।

पंजाब सरकार ने राज्य की 518 गौशालाओं के 100 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिल माफ किए : कीमती भगत

- कहा, मान सरकार ने गौशालाओं को 3.06 करोड़ रुपये की लागत से काऊ लिफ्टर उपलब्ध करवाए

डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री कीमती भगत ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लावारिस एवं बेसहारा गोवंश की देखभाल, सुरक्षा तथा गौशालाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूम रहे लावारिस गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार, जिला प्रशासन और गौशाला



प्रबंधकों द्वारा संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संगरूर जिले में पिछले तीन महीनों के दौरान 600 लावारिस गोवंश को संरक्षण के लिए गौशालाओं में भेजा गया है। श्री कीमती भगत आज संगरूर में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गोवंश की देखभाल संबंधी बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा गौशालाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि झनेड़ी गौशाला में चार महीने पहले 190 गोवंश था, जो अब बढ़कर 510 हो गया है। उन्होंने बताया कि सुनाम, संगरूर और धूरी से 250 लावारिस गोवंश को गौशाला में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा राज्य की 518 सरकारी एवं निजी गौशालाओं के 100 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिल माफ किए गए हैं। इस पहल के लिए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि इससे गौशालाओं पर वित्तीय बोझ कम हुआ है और वे अपने संसाधनों का उपयोग गोवंश की बेहतर देखभाल के लिए कर सकेंगी। श्री भगत ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य की लगभग 500 गौशालाओं को 3 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से काऊ लिफ्टर उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये काऊ लिफ्टर घायल, बीमार अथवा सड़कों पर बेसहारा अवस्था में पड़े गोवंश को सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक पहुंचाने तथा उपचार के लिए ले जाने में सहायक होंगे। बैठक के दौरान उन्होंने निजी गौशालाओं द्वारा गोवंश की देखभाल के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निजी गौशालाएं सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लावारिस गोवंश की देखभाल के लिए और बड़े स्तर पर कार्य करें। उन्होंने आगे बताया कि गौशालाओं में रखे प्रत्येक गोवंश की देखभाल के लिए 61 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन देने संबंधी अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

छप्पड़ के विवाद को लेकर गांव सादा मौजा में दो पक्षों में हुआ विवाद, मामला दर्ज

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना आरफके के की पुलिस ने बीते दिन गांव सादा मौजा में छप्पड़ के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े के मामलें में शिकायतकर्ता के बयान पर दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना आरफके के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने सलविन्द्र सिंह पुत्र प्यारा सिंह वासी गांव सादा मौजा के बयान पर गांव में छप्पड़ के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े के मामलें में सिपाही गुरविन्द्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह व बलदेव सिंह पुत्र इंद्र सिंह वासी गांव सादा मौजा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। मामले की जांच कर रहे रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोषियों के खिलाफ अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

अज्ञात लोगों ने घर में दाखिल होकर युवती को मारपीट कर जख्मी किया

- पुलिस ने युवती के बयान पर चार लोगों पर दर्ज किया मारपीट करने का मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने रंजिशन घर में दाखिल होकर युवती को मारपीट करके जख्मी करने वाले 4 लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसई दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता नवजोत रानी पुत्री जगतार सिंह वासी गांव लखमीरके हिठाड़ ने बताया कि वह बीते दिन जब घर में अकेली थी तो 2 व्यक्ति घर आए और उन्होंने मुंह बांधे हुए थे, जिन्होंने उससे पानी मांगा तो वह रसोई से पानी लेने के लिए गई तो उक्त लोगों ने उसके साथ घर में दाखिल होकर मारपीट करनी शुरु कर दी। पीड़िता ने बताया कि जब उसने पूछा की तुम मुझे क्यों मार रहे हो तो दोषियों ने कहा कि तुम्हारे पिता और भाई से हमारी रंजिश है। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में बुटा सिंह, विक्रम सिंह उर्फ टोनू पुत्र गुरनाम सिंह वासी गांव लखमीरके हिठाड़, महिमा सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी गांव लखमीरके हिठाड़ और हरमेश सिंह पुत्र मंगल सिंह वासी गांव साहनके के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

13.74 ग्राम हैरोइन एवं नशा करने वाले सामान के साथ 3 गिरफ्तार

- गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 13.74 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना थाना सिटी फिरोजपुर, थाना सदर फिरोजपुर और थाना आरफके में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना आरफके के एस.आई दर्शन सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव की दाना मंडी से हेरोइन का नशा करते हुए जज पुत्र काला वासी गांव फत्तू वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1.32 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी और 20 रुपए का नोट, थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई शर्मा सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दीपक उर्फ बगा पुत्र बिल्ला वासी नई अबादी जीरा गेट फिरोजपुर को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन और थाना सदर फिरोजपुर के एस.आई विनोद कुमार ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग कें दौरान शक के अधार पर धर्मपाल सिंह पुत्र जसवंतद सिंह वासी गांव बारेके को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 8.42 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

दहेज लोभी पति व सास ने विवाहित को दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाला

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट करके घर से निकालने वाले उसके दहेज लोभी पति व सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में निमो राणी पुत्री लखा सिंह वासी सुंदर वाले झुगे ने बताया कि उसका विवाह 2023 में मच्थर सिंह पुत्र केर सिंह वासी गांव हजारा सिंह वाला के साथ हुआ था और विवाह के कुछ दिन बाद ही उसके पति नच्छतर सिंह व सास महिन्द्रो बाई ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरु कर दिया और वह मोटरसाईकिल की मांग करने लग गए। पीड़िता ने बताया कि जब उसने दहेज लाने से मना किया तो उसके पति नच्छतर सिंह व महिन्द्रों बीबी ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया।

श्री राम के वन गमन प्रसंग ने दिया मर्यादा, सत्संग और सद्विचार का संदेश

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) – दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा वर्मा पैलेस, गुरदासपुर में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथामृत के तीसरे दिन कथा व्यास प्रज्ञाचक्षु साध्वी सुश्री शची भारती जी ने भगवान श्री राम के वन गमन का भावपूर्ण प्रसंग सुनाते हुए संगत को सत्संग, सद्विचार और मर्यादा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

साध्वी शची भारती जी ने कहा कि अयोध्या में जब भगवान श्री राम के राजतिलक की तैयारियां चल रही थीं, तब पूरी नगरी खुशी में डूबी हुई थी। लेकिन मंथरा की कुमति ने कैकेयी के मन में भेद-बुद्धि पैदा कर दी और उन्होंने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए– भरत का राजतिलक और श्री राम के लिए 14 वर्ष का वनवास।





भगवान श्री राम ने पिता के वचन को सर्वोच्च मानते हुए बिना किसी विरोध या शिकायत के वनवास स्वीकार कर लिया। साध्वी जी ने कहा कि यही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन की महानता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने धर्म, सत्य और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि मंथरा कुसंगति और भेद-बुद्धि का प्रतीक है। कुसंगति कोयले के समान होती है, जो जलाती भी है और ठंडी होने के बाद भी हाथ काले कर देती है। इसलिए मनुष्य को सदैव सत्संग की संगति करनी चाहिए, क्योंकि सत्संग जीवन को सही दिशा देकर मनुष्य को प्रभु से जुड़ने का मार्ग दिखाता है। साध्वी जी ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन त्याग, धैर्य, संयम और कर्तव्य निभाने की अद्भुत प्रेरणा देता है। उनके जीवन में आई हर चुनौती के बावजूद धर्म और मर्यादा के प्रति उनकी निष्ठा अटूट रही। उन्होंने श्री राम को ÷राइट एक्शन मैन (राम)÷ के रूप में समझाते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सही कर्म और उचित आचरण से मुंह न मोड़ना ही प्रभु श्री राम के जीवन का संदेश है। कथा के तीसरे दिन विशेष अतिथियों के रूप में श्री मोहित महाजन, सरदार स्विंदर सिंह गिल, सरदार बगेल सिंह, श्री राघव महाजन, श्री राजेश शर्मा, श्री अनु गरल्होत्रा, श्री रोहित शर्मा, श्री दीपक पथारिया और श्री लाली नैयर सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही। कथा के दौरान भजन-कीर्तन के माध्यम से संगत को भक्ति रस से जोड़ा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री राम कथामृत का श्रवण करते हुए प्रभु श्री राम के आदर्श जीवन और धार्मिक मूल्यों से प्रेरणा प्राप्त की।

page 4_Layout 1 25-09-2026 18:04 Page 1

किसान मजदूर जत्थेबंदियों के नेताओं की अहम बैठक आयोजित

बैठक में संगठनात्मक ढांचे, धान की हो रही लूट और खाद की किल्लत पर की चर्चा

डेली आवाज भारती



किसान मजदूर जत्थेबंदियों के पदाधिकारी बैठक में जानकारी देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): किसान मजदूर संघर्ष कमेटी पंजाब के जिला फिरोजपुर के सभी जोनों के नेताओं की बैठक गुरुद्वारा जामनी साहिब वजीदपुर में जिला प्रधान इंदरजीत सिंह बाठ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश प्रधान सुखविंदर सिंह सभरां ने सभी नेताओं को जत्थेबंदी के संविधान अनुसार संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और ग्राम इकाइयों को बैठकें करके गांवों में अधिक से अधिक फंड इकट्ठा करके अपने पास रखने के लिए कहा, ताकि आने वाले समय में किए जाने वाले संघर्ष में कोई मुश्किल ना आए। किसान नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार कुम्भकर्णी नींद सोई हुई है और मंडियों में अगेती धान की आमद पर व्यापारी वर्ग द्वारा प्रशासन की मिलीभगत से सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम धान की खरीद की जा रही है और इन लुटेरों के खिलाफ कोई भी ठोस कार्रवाई भगवंत मान की सरकार द्वारा नहीं की जा रही है।

डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत जानबूझकर दुकानदारों द्वारा की जा रही है और ऊंचे दामों पर बेचने के इरादे से बेकार चीजें बेचने और महंगे दाम पर खाद देने के लिए नकली किल्लत पैदा की जा रही है। इस अवसर पर धर्म सिंह सिद्धू, सुरजीत सिंह फौजी, बलजिंदर सिंह तलवंडी नेपाल, मंगल सिंह सवाईके, केवल सिंह वाहका, अवतार सिंह साबूआना, गुरबख्श सिंह पंजगराइयां, आर.के जीरा, मक्खन सिंह, वीर सिंह निजामदीन वाला, गुरमुख सिंह कामल वाला, अवतार सिंह बग्गे वाला, गुरनाम सिंह अलीके, राजेंद्र सिंह फुलरवन, फुम्मण सिंह राऊके, जोगा सिंह बैरका, गुरभेज सिंह किली, लखविंदर सिंह बस्ती नामदेव, बचित्तर सिंह दूल्हेवाला, हरपाल सिंह आसल, लखविंदर सिंह पीरके, वरिंदर सिंह कस्सोआना, सुरजीत सिंह जीरा, रणजीत सिंह, सुरजीत सिंह, गुरलाल सिंह, कुलविंदर सिंह, शुभेग सिंह, बहादुर सिंह, चरनजीत सिंह, जंगीर सिंह, बलदेव सिंह, प्रदीप सिंह, बिंदर सिंह, स्वर्ण सिंह आदि विभिन्न जोन के नेता उपस्थित थे।

पंजाब में सौ किलोमीटर चलकर हेरिटेज आर्किटेक्चर पर शोध करेंगी बेंगलुरु की आर्किटेक्ट गीता बालकृष्णन

- कोलकाता से दिल्ली तक की पैदल यात्रा से कर चुकी आर्किटेक्चर पर शोध

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित किए जा रहे 12वें इन्स-आउट प्रदर्शनी में भाग लेते हुए प्रसिद्ध महिला आर्किटेक्ट एवं बेंगलुरु स्थित %एथोस% की संस्थापक आर्किटेक्ट गीता बालकृष्णन ने आर्किटेक्चर को पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाने और इसे समाज, समुदायों और विरासत से और करीब से जोडऩे का अपना विजऩ साझा किया। बालकृष्णन ने आर्किटेक्चर को और अधिक समावेशी, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और समुदायों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके नजरिए ने उन्हें कॉन्फ्रेंस हॉल और डिजाइन स्टूडियो से बाहर निकाला है, जिससे उन्हें देश भर में यात्रा करने और लोगों व जगहों से सीधे जुडऩे की प्रेरणा मिली है। 2022 में, बालकृष्णन ने कोलकाता से नई दिल्ली तक 1,700 किलोमीटर की एक उल्लेखनीय यात्रा की, जिसमें उन्होंने सात राज्यों से गुजरते हुए लगभग 70 दिनों में यह दूरी तय की। 'वॉक फॉर आर्कोंज़' (Walk ह्वशहृम्rcause) नाम की इस पहल का उद्देश्य जीवन को बेहतर बनाने में अच्छे डिजाइन और आर्किटेक्चर की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना और आर्किटेक्चर को समुदायों के करीब लाना था। यात्रा के दौरान, उन्होंने स्थानीय निर्माण परंपराओं और लोगों व उनके निर्मित परिवेश के बीच संबंधों को समझते हुए छात्रों, ग्रामीणों, निर्माण श्रमिकों और पेशेवरों के साथ बातचीत की। इस विचार को आगे बढ़ाते हुए, बालकृष्णन अब विरासत और आर्किटेक्चर पर केंद्रित पंजाब में 100 किलोमीटर की दौड़ की योजना बना रही हैं। प्रस्तावित पहल के हिस्से के रूप में, वह कॉलेज के छात्रों के साथ पंजाब भर में यात्रा करने, विरासत स्थलों का दौरा करने और राज्य की समृद्ध आर्किटेक्चरल परंपराओं को जानने की योजना बना रही हैं। इस पहल का उद्देश्य युवा छात्रों को पंजाब की विरासत को न केवल इतिहास के नजरिए से, बल्कि इसके आर्किटेक्चर, पारंपरिक निर्माण प्रथाओं, बस्तियों और सांस्कृतिक पहचान के माध्यम से भी देखने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस यात्रा का मकसद छात्रों को विरासत स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक संरचनाओं और पारंपरिक आर्किटेक्चरल ज्ञान को संरक्षित करने के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करना है। उनकी वॉक फॉर आर्कोंज़ पहल आर्किटेक्चर की सामाजिक जिम्मेदारी पर भी केंद्रित थी, जिसमें निर्माण श्रमिकों के साथ बातचीत और आर्किटेक्चर के छात्रों का समर्थन करने के प्रयास शामिल थे। इस अभियान का उद्देश्य यह दिखाना था कि आर्किटेक्चर केवल सुंदरता और इमारतों तक सीमित रहने के बजाय सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने में सार्थक भूमिका निभा सकता है। पंजाब की प्रस्तावित यात्रा बालकृष्णन के इस विश्वास को आगे बढ़ाती है कि समुदायों के बीच चलकर, लोगों से मिलकर और जगहों का प्रत्यक्ष अनुभव करके आर्किटेक्चर को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। इस पहल का मकसद युवाओं के बीच पंजाब की आर्किटेक्चरल और सांस्कृतिक विरासत के बारे में ज़्यादा जागरूकता पैदा करना भी है। एथोस फ़ाउंडेशन के ज़रिए, बालकृष्णन आर्किटेक्चर, शिक्षा, समाज और प्रोफ़ेशनल कम्युनिटी के बीच मज़बूत संबंध बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

फर्जी लेटर की निंदा और जनरल बॉडी मीटिंग का ऐलान

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आज दिनांक 25 सितंबर 2026 को GMCH-32 के गेट नंबर 3 पार्क में जॉइंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन की वर्किंग कमेटी की आपात मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान सुखबीर सिंह ने की। मीटिंग का मुख्य एजेंडा 24 सितंबर 2026 को कुछ स्वयंभू लोगों द्वारा अस्पताल के माननीय डायरेक्टर-प्रिंसिपल, जॉइंट डायरेक्टर एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को दिया गया वह पत्र था, जिसमें उन्होंने कुछ विभागों के नाम पर यह लिखा था कि हमारा जॉइंट से कोई लेना-देना नहीं है। वर्किंग कमेटी ने सर्वसम्मति से इस पत्र की कड़े शब्दों में निंदा की। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यह पत्र उन लोगों द्वारा दिया गया है जिनका ना तो जॉइंट से कोई संबंध है, ना उन्होंने कभी मेंबरशिप ली है और अपने ही विभाग में उनका कोई जनाधार नहीं है। सफाई कर्मचारी यूनियन और वार्ड अटेंडेड को छोड़कर बाकी सभी लगभग 14 विभागों के वैध प्रधान और पदाधिकारी आज की मीटिंग में उपस्थित थे, जो इस फर्जी पत्र को पूरी तरह खारिज करते हैं। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन प्रधान हरदीप सिंह, उप-प्रधान सुषमा रानी, पैरामेडिकल यूनियन प्रधान किरण मसीह, लिफ्ट ऑपरेटर से रविंदर यादव, रणजीत सिंह, वार्ड अटेंडेड विभाग से सुरेश कुमार यादव, फायर से अमन, पब्लिक हेल्थ से दिलीप कुमार, कैटरिंग से गोपाल, ग्रिड आशादीप से फरमान (महासचिव), फाइल रिस्टोर, टेलर, सिविल मेंटेनेंस, डाटा एंट्री ऑपरेटर, MHI-32 सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि।

मीटिंग में 2 बड़े फैसले लिए गए

1. कर्मचारियों के वेलफेयर और रोजगार सुरक्षा के लिए संगठन पहले से और अधिक तेजी से कार्य करेगा।
2. बहुत जल्द अस्पताल के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की एक विशाल जनरल बॉडी मीटिंग बुलाई जाएगी। इस मीटिंग में दो मुख्य मांगों पर फैसला होगा-
- ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर सभी कर्मचारियों को सीधे अस्पताल के रोल पर लिया जाए।
- समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए।

इन मांगों को लेकर कानूनी लड़ाई (कोर्ट केस) या बड़े आंदोलन का ऐलान जनरल बॉडी मीटिंग में किया जाएगा।

एसोसिएशन सभी कर्मचारियों से अपील करता है कि एकता को तोड़ने वाले दलाल प्रवृत्ति के लोगों से सावधान रहें।

फिरोजपुर मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत वॉलीबाल मैच और साइकिल रैली आयोजित



फिरोजपुर। स्वच्छता ही सेवा-2026 तहत आयोजित साइकिल रैली में हिस्सा लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक वॉलीबाल मैच और साइकिल रैली का आयोजन शुक्रवार को को किया गया। इन खेल गतिविधियों का आयोजन मंडल स्पोर्ट्स एसोसिएशन फिरोजपुर द्वारा वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी राहुल देव की अध्यक्षता में कराया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फेट परमदीप सिंह सैनी, सहायक मंडल खेल अधिकारी अचरज गुप्ता, मंडल खेल सेक्रेटरी सुनील कुमार तथा अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस साइकिल रैली का आयोजन रेलवे अधिकारी क्लब से मुक्तसर रोड तक किया गया। इसके अलावा एक वॉलीबाल मैच का भी आयोजन किया गया। इन खेल गतिविधियों में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने शामिल होकर स्वच्छता के महत्व का संदेश आमजन तक पहुँचाया। इन खेल गतिविधियों का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, शारीरिक फिटनेस एवं सतत गतिविधियों को बढ़ावा देना है। सभी गतिविधियों में 'शून्य अपशिष्ट' प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

एसजीपीसी को मामला ठंडा करने की कोशिश करने की बजाय सिख संगत को जवाब देना चाहिए: बलतेज पन्नू

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने शुक्रवार को शिरोमणि अकाली दल (बादल) और एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी पर श्री आनंदपुर साहिब में एसजीपीसी की सराय से जुड़े विवाद और अमरजीत सिंह चावला तथा मलकीत सिंह के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को लेकर तीखा हमला बोला। बलतेज पन्नू ने कहा कि अमरजीत सिंह चावला और मलकीत सिंह को पंथ से बाहर किए जाने के बाद भी, एसजीपीसी ने अपनी संस्थाओं और गुरुद्वारों के बाहर एक भी बोर्ड नहीं लगाया, जिसमें सिख संगत को यह जानकारी दी गई हो कि उनके साथ कोई संबंध न रखा जाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आप पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि हरजिंदर सिंह धामी प्रेस कॉन्फ्रेंस से बच रहे हैं और इसकी बजाय चार सदस्यीय समिति की घोषणा करने के लिए वीडियो के माध्यम से सामने आए हैं। उन्होंने समिति को जवाब देने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। 15 दिन देने का क्या मकसद है? क्या हरजिंदर सिंह धामी को उम्मीद है कि 15 दिनों बाद लोग इस मामले को भूल जाएंगे? सिख बुद्धिजीवी और विभिन्न सिख संगठन अब सवाल पूछ रहे हैं, और एसजीपीसी को उनके जवाब देने होंगे।समिति के गठन पर सवाल उठाते हुए बलतेज पन्नू ने पूछा कि जूनियर सदस्य उन सीनियर नेताओं से पूछताछ कैसे कर सकते हैं, जिनके नाम इस विवाद में सामने आए हैं। ÷महिला ने खुद अपने वीडियो में कहा है कि वह अपनी शिकायत लेकर लोगों के पास गई थी। इस मामले में सुखबीर सिंह बादल और हरजिंदर सिंह धामी के नाम लिए गए हैं। उन्होंने पूछा क्या ये जूनियर सदस्य उनसे पूछताछ करेंगे? इन चार सदस्यों में से किसी के पास ऐसे गंभीर मामले की जांच करने के लिए आवश्यक कानूनी विशेषज्ञता है?÷ आप पंजाब के मीडिया प्रभारी ने कहा कि यदि एसजीपीसी सच में निष्पक्ष जांच चाहती होती, तो वह किसी सेवानिवृत्त सिख जज या किसी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को शामिल कर सकती थी जो अमृतधारी गुरसिख हो और जांच तथा कानून का अनुभव रखता हो। बलतेज पन्नू ने पूछा ÷ऐसे किसी व्यक्ति को शामिल क्यों नहीं किया गया? क्या इस बात का डर था कि एक ईमानदार और स्वतंत्र जांच से सच सामने आ सकता है?÷ बलतेज पन्नू ने सवाल किया कि महिला को इतने लंबे समय के लिए एसजीपीसी की सराय में रहने की इजाजत क्यों दी गई और मांग की कि वहां वास्तव में क्या हुआ था, इसका जवाब दिया जाए।

सचिन पायलट के आने से कांग्रेस का माहौल हुआ खुशहाल : जगमोहन सिंह कंग

योग्य उम्मीदवारों को ही दी जाएंगी टिकटें, अनुशासनहीनता नहीं की जाएगी बर्दाश्त

डेली आवाज भारती



माजरी,संदीप अकालगढ़िया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स. अमरिंदर सिंह कंग रोमी ने पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंजाब में उनका स्वागत करते हुए प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स. जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पंजाब में सचिन पायलट के आने से कांग्रेस पार्टी का माहौल पूरी तरह बदल गया है और पार्टी में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ में आयोजित विशाल रोष प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की पूरी लीडरशिप एक मंच पर दिखाई दी, जो पार्टी की एकजुटता और आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलने की उम्मीद है। पूर्व मंत्री कंग ने श्री सचिन पायलट के साथ पंजाब के राजनीतिक हालात तथा मौजूदा कांग्रेस संगठन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श भी किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस, भाजपा, शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी प्रमुख राजनीतिक दल होंगे तथा इनके बीच मुकाबला होने की संभावना है। ऐसे में कांग्रेस हाईकमान के लिए जरूरी है कि पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर टिकटों का फैसला समय रहते सोच-समझकर और पूरी तरह योग्यता एवं जमीनी स्थिति के आधार पर किया जाए। स. कंग ने कहा कि उन्होंने पहली बार देखा है कि इस बार लगभग हर विधानसभा हलके में 10 से 15 उम्मीदवार टिकट के दावेदार हैं। लोकतंत्र में टिकट मांगने का अधिकार सभी को है, लेकिन टिकट देते समय यह देखना जरूरी है कि जमीनी स्तर पर कौन-सा कार्यकर्ता या नेता लगातार लोगों के बीच रहकर पार्टी को मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही उम्मीदवार की साफ छवि, राजनीतिक पृष्ठभूमि और क्षेत्र में उसकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि यदि टिकटें केवल योग्यता और जमीनी आधार पर न देकर आपसी पसंद-नापसंद या व्यक्तिगत सिफारिशों के आधार पर बांटी गईं, तो आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस दौरान श्री सचिन पायलट ने भरोसा दिलाया कि इस बार टिकटें केवल सिफारिश के आधार पर नहीं दी जाएंगी। योग्य और चुनाव जीतने की क्षमता रखने वाले उम्मीदवारों को ही चुनाव मैदान में उतारने पर प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित डॉक्यूमेंट्री दिखाई

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव चडियाला सूदां, मछली कलां और मछली खुर्द में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से यह विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म ग्रामीणों को दिखाई गई। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं तथा मानवता की भलाई के लिए दिए गए संदेश को आम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने समाज में समानता, भाईचारे, साझीवालता और आपसी सद्भावना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से युवा पीढ़ी को श्री गुरु रविदास जी महाराज की विचारधारा और उनके द्वारा दिखाए गए मानवता के मार्ग से जोड़ना है। डॉक्यूमेंट्री में उनके जीवन तथा समाज को दिए गए संदेश को विभिन्न दृश्यों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। गांवों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एलईडी स्क्रीन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखी। ग्रामीणों ने पंजाब सरकार द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के माध्यम से नई पीढ़ी को महान संतों की शिक्षाओं तथा मानवता, समानता और सद्भावना के संदेश से जोड़ने में मदद मिलती है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व से संबंधित गतिविधियों को गांव स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

लिवासा अस्पताल, अमृतसर के कार्डियक एक्सपर्ट ने नियमित जांच और समय पर चिकित्सा देखभाल के महत्व पर जोर दिया

डेली आवाज भारती



अमृतसरः (सलोनी नेहा गिल)विश्व हृदय दिवस के अवसर पर, लिवासा अस्पताल, अमृतसर ने शुक्रवार को 'स्क्रीन योर हार्ट, सेव योर हार्ट' पहल की घोषणा की।

आज आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान, अस्पताल के सीनियर कार्डियक एक्सपर्ट, कार्डियक सर्जरी के प्रमुख डॉ. (प्रो.) राकेश सूडान, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अनिल शर्मा और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अर्जुन वेद गुप्ता ने नियमित जांच, चेतावनी के लक्षणों को पहचानने और समय पर चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने हृदय संबंधी बीमारियों के बदलते स्वरूप, प्रमुख जोखिम कारकों, चेतावनी के संकेतों और हृदय देखभाल के क्षेत्र में हुई प्रगति पर भी चर्चा की। डॉ. राकेश सूडान ने कहा, ÷हृदय रोग अब केवल अधिक उम्र के लोगों तक सीमित नहीं रह गया है। डायबिटीज, हाइपरटेंशन, मोटापा, तनाव और गतिहीन जीवन शैली जैसे बढ़ते जोखिम कारकों के कारण समय पर जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है। नियमित स्वास्थ्य जांच और शुरुआती चिकित्सा सलाह से जोखिम गंभीर रूप लेने से पहले ही पहचाने जा सकते हैं। प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी की शुरुआत आपके जोखिम को समझने से होती है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान की आदत या दिल की बीमारी के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को नियमित हृदय जांच के प्रति विशेष रूप से सचेत रहना चाहिए। समय पर निदान से इलाज के परिणामों में बड़ा अंतर आ सकता है, डॉ. अनिल शर्मा ने कहा डॉ. अर्जुन वेद गुप्ता ने बताया कि आज हृदय देखभाल अधिक सटीक और मरीज-केंद्रित होती जा रही है। उन्नत इमेजिंग और इंटरवेंशनल तकनीकें डॉक्टरों को कोरोनरी बीमारी का अधिक सटीक मूल्यांकन करने और उसके अनुसार उपचार योजना बनाने में मदद करती हैं।

लिवासा अस्पताल अमृतसर के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. राजीव कुंद्रा ने जानकारी दी कि हमारा उद्देश्य अनुभवी विशेषज्ञों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और एक मजबूत मल्टीडिसीप्लिनरी टीम के सहयोग से सुलभ और उन्नत हृदय देखभाल प्रदान करना है।

पीएचडीसीसीआई इन्स-आउट में आर्किटेक्चरार को मिनिमलिज़्म से मैक्सिमलिज़्म पर किया मंथन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय इन्स-आउट प्रदर्शनी की शुरूआत शुक्रवार को सेमिनार के माध्यम से हुई। इसमें देश भर के जाने-माने आर्किटेक्ट, डिज़ाइनर और प्रोफेशनल आर्किटेक्चर और डिज़ाइन सेक्टर में उभरते ट्रेंड, टेक्नोलॉजी और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए। कार्यशाला का थीम 'मिनिमलिज़्म से मैक्सिमलिज़्म' और आगे क्या था, जिसमें आर्किटेक्ट और इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने इस बात पर चर्चा की कि बदलती जीवनशैली, टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी और उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदें आर्किटेक्चर के भविष्य को कैसे प्रभावित कर रही हैं। पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के को चेयर सुव्रत खन्ना ने अपने स्वागत भाषण में चंडीगढ़ के एक आर्किटेक्चरल हब और आर्किटेक्चरल एजुकेशन और डिज़ाइन के एक महत्वपूर्ण सेंटर के तौर पर महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि शहर की खास प्लानिंग, आज के आर्किटेक्चर और इसके भविष्य की दिशा पर चर्चा के लिए एक सही प्लेटफॉर्म देता है। कॉन्फ्रेंस में इस प्रोफेशन के सामने आने वाली नई चुनौतियों और नए और टिकाऊ समाधानों की जरूरत पर भी बात की गई। पीएचडीसीसीआई के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नवीन सेठ ने पिछले 12 सालों में संस्थान के सफर और गतिविधियों पर पर रोशनी डाली। इस अवसर पर एथोस, बेंगलुरु की संस्थापक आर्किटेक्ट गीता बालकृष्णन ने समाज में आर्किटेक्चर की बड़ी भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने ऐसे बने हुए माहौल बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया जो सबको साथ लेकर चलने वाले हों और लोगों की ज़रूरतों के हिसाब से हों। उन्होंने कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़े वर्कर्स और लेबरर्स की चिंताओं पर भी रोशनी डाली, और इस बात पर ज़ोर दिया कि आर्किटेक्चर के भविष्य पर चर्चा में वर्कफोर्स की गरिमा, सुरक्षा और सिक्योरिटी पर भी ध्यान देना चाहिए। एआर. फोल्ड्स डिज़ाइन स्टूडियो के प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, कृष्ण मूर्ति ने आजकल के आर्किटेक्चर के बदलते नेचर और प्रोफेशन में डिजिटल डिज़ाइन, कम्प्यूटेशनल टूल्स और डिजिटल फैब्रिकेशन की बढ़ती अहमियत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि आर्किटेक्चर सेक्टर को नई डिजिटल टेक्नोलॉजी को और ज़्यादा एक्टिवली अपनाने की ज़रूरत है, क्योंकि कई प्रोफेशनल्स अभी भी डिजिटल डिज़ाइन और फैब्रिकेशन से मिलने वाले मौकों को पूरी तरह से नहीं अपना रहे हैं। सत्र का संचालन अरविंद विवेक एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली के प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, एआर. विवेक गुप्ता ने किया।

CMYK

page 5_Layout 1 25-09-2026 18:26 Page 1

जल्द सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो सोई सरकार को जगाने के लिए करेंगे बड़ा प्रदर्शन : सरपंच कुलदीप सिंह व युवा नेता रवि वड़ैच

सिंघपुरा पंचायत व ग्रामीणों ने कुराली से घड़ूआं तक जाने वाली सड़क के निर्माण की उठाई मांग

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। गांव सिंघपुरा की पंचायत तथा ग्रामीणों ने पंजाब सरकार से कुराली से घड़ूआं तक जाने वाली सड़क का जल्द निर्माण करवाने की मांग की है। गांव के सरपंच कुलदीप सिंह और युवा नेता रवि वड़ैच ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह सड़क गांव सिंघपुरा से होते हुए कालेवाल के रास्ते घड़ूआं तक जाती है। सड़क की खस्ता हालत के कारण राहगीरों तथा आसपास के गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव सिंघपुरा में दो स्कूल हैं, जहां बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने आते हैं। इसके अलावा कालेवाल गांव स्थित आदर्श स्कूल में भी हजारों की संख्या में विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण विद्यार्थियों सहित आम लोगों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पंच बलकार सिंह और सोडीपाल ने बताया कि इस सड़क पर करीब छह महीने पहले केवल रोड़े डालकर काम छोड़ दिया गया था। इसके बाद सड़क का निर्माण पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क पर बिखरे रोड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं और लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। पंजाब यूथ कांग्रेस के सचिव रवि वड़ैच ने कहा कि पिछले समय के दौरान मुख्यमंत्री भी गांव कालेवाल में आए थे। उस समय इलाके के लोगों को उम्मीद जगी थी कि शायद अब सड़क का निर्माण हो जाएगा, लेकिन अभी तक सड़क का काम पूरा नहीं हुआ। रवि वड़ैच ने कहा कि यदि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण शुरू करके पूरा नहीं किया गया तो सिंघपुरा पंचायत, ग्रामीणों तथा आसपास के गांवों के सहयोग से सरकार का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करने के लिए बड़ा कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग के बावजूद समस्या का समाधान न होना ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है। इस अवसर पर पंच बलकार सिंह, पंच सोडीपाल, हरमन वड़ैच, अमरजीत सिंह, रिची सिंघपुरा, सीतल बाबा, दिलप्रीत सिंह, परमिंदर सिंह, निका सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

40प्रतिशथ से अधिक एससी आबादी वाले 3,763 गांवों के विकास के लिए पंजाब सरकार का 750 करोड़ से अधिक का पैकेज

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति आबादी वाले 3,763 गांवों के समग्र विकास के लिए 750 करोड़ से अधिक का विकास पैकेज घोषित किया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान इस कार्यक्रम की घोषणा की। सरकार के मुताबिक इसका उद्देश्य ऐसे गांवों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ाना है। योजना के तहत प्रत्येक चयनित गांव को शुरुआत में 20 लाख की अनटाइड राशि दी जाएगी। इस राशि को किसी एक निर्धारित काम तक सीमित नहीं रखा गया है। गांव की जरूरत के मुताबिक इसे बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों पर खर्च किया जा सकेगा। हालांकि राशि का इस्तेमाल होने और अतिरिक्त जरूरतों के आकलन के बाद किसी गांव के लिए आवंटन बढ़ाया भी जा सकता है। सरकार के अनुसार, इस राशि से गांवों में आरओ सिस्टम, अतिरिक्त कक्षाओं, लाइब्रेरी, एंबुलेंस, मोहल्ला क्लीनिक और सौर ऊर्जा से चलने वाली स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। इसके अलावा स्थानीय जरूरत के आधार पर अन्य विकास कार्य भी लिए जा सकेंगे।

आज दशहरा ग्राउंड कुराली में होगी भजन संध्या

सुरभि चतुर्वेदी और इंटरनेशनल सिंगर रोशन प्रिंस करेंगे प्रभु का गुणगान

डेली आवाज भारती



कुराली,संदीप अकालगढ़िया। कुराली शहर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित की जा रही भजन संध्या आज 26 सितंबर, शनिवार को दशहरा ग्राउंड, कुराली में होगी। भजन संध्या का समय शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक रखा गया है।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका सुरभि चतुर्वेदी तथा इंटरनेशनल सिंगर रोशन प्रिंस विशेष रूप से पहुंचकर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है और आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजकों दीपक गौतम, नरेंद्र राणा, मुकेश अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, नमन अग्रवाल, करण राठौर और विशाल बांसल ने बताया कि कार्यक्रम को सुचारू रूप से करवाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार सहित आज शाम 8 बजे दशहरा ग्राउंड, कुराली पहुंचकर प्रभु के गुणगान का श्रवण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भजन संध्या के विभिन्न प्रबंधों से जुड़े प्रधान अतुल बांसल, आशीष शर्मा, विनय विनायक, प्रिंस अग्रवाल, भारत भूषण, अमन गौतम सहित अन्य सदस्य भी अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इस अवसर पर नगर कौंसिल कुराली के प्रधान बहादुर सिंह ओके, प्रदीप रूड़ा , अक्षय कुमार, रमाकांत कालिया, हेम राज वर्मा और कशिश गौतम सहित शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। श्रद्धालुओं से अपील है कि आज शाम दशहरा ग्राउंड, कुराली पहुंचकर भजन संध्या में शामिल हों और प्रभु के भजनों का आनंद लें।

एडीसी ने फर्म ट्राउस्ट ओवरसीज का लाइसेंस किया रद्द

डेली आवाज भारती

साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 25 सितंबर। संदीप अकालगढ़िया। पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्रीमती गीतिका सिंह ने फर्म ट्राउस्ट ओवरसीज का लाइसेंस रद्द कर दिया है। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि फर्म ट्राउस्ट ओवरसीज, एससीओ नंबर 50, दूसरी मंजिल, गिल्को वैली, सेक्टर-127, खरड़, जिला एसएएस नगर की मालकिन हरसिमरण रुमाणा, पुत्री भूपिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 302, गिल्को हाइट्स, सेक्टर-127, खरड़, जिला मोहाली को कंसल्टेंसी का कार्य करने के लिए लाइसेंस नंबर 686/आई.सी., दिनांक 09.07.2024 जारी किया गया था। इस लाइसेंस की वैधता 08.07.2029 तक थी। एडीसी ने बताया कि कार्यालय द्वारा फर्म को समय-समय पर नोटिस जारी कर पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट/रूल्स के अनुसार किए जा रहे कार्य से संबंधित मासिक रिपोर्ट और मासिक स्व-घोषणा फार्म कार्यालय में जमा करवाने तथा छमाही रिपोर्ट गृह मामले विभाग, पंजाब सरकार, चंडीगढ़ को भेजने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, बार-बार निर्देश और नोटिस जारी किए जाने के बावजूद फर्म द्वारा आवश्यक रिपोर्टें और स्व-घोषणा फार्म कार्यालय में जमा नहीं करवाए गए। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर द्वारा पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012 की धारा 6(1)(द्) के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए फर्म ट्राउस्ट ओवरसीज को कंसल्टेंसी के कार्य के लिए जारी लाइसेंस नंबर 686/आई.सी., दिनांक 09.07.2024 को तत्काल प्रभाव से रद्द/कैंसिल कर दिया गया है। इसके अलावा एक्ट/रूल्स में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उक्त फर्म अथवा फर्म की मालकिन के खिलाफ भविष्य में यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसके लिए फर्म की मालकिन स्वयं हर प्रकार से जिम्मेदार होगी और शिकायत से संबंधित किसी भी दायित्व की भरपाई करने की जिम्मेदारी भी उसी की होगी।

जनगणना 2027 के दूसरे चरण के लिए फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण अमृतसर में शुरू

40 फील्ड ट्रेनर अमृतसर नगर निगम क्षेत्र के गणनाकारों और सुपरवाइजरों को देंगे प्रशिक्षण

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : जनगणना 2027 के दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) के संबंध में फील्ड ट्रेनरों (FTs) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 सितंबर 2026 को एमसीए कॉन्फ्रेंस हॉल, अमृतसर में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना संचालन निदेशालय, पंजाब, चंडीगढ़ के अधीन जनगणना संचालन प्राधिकरण (PCO), अमृतसर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 40 फील्ड ट्रेनर भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये फील्ड ट्रेनर अमृतसर नगर निगम क्षेत्र के गणनाकारों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देंगे, जो जनसंख्या गणना के जमीनी स्तर के कार्य में सीधे तौर पर शामिल होंगे। 24 से 26 सितंबर 2026 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनसंख्या गणना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रतिभागियों को गणना के दौरान पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों, उन्हें पूछने के सही तरीके तथा सटीक और विश्वसनीय जनगणना आंकड़े एकत्रित करने में इन प्रश्नों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को पॉपुलेशन एन्यूमरेशन (PE) ऐप के संचालन एवं उपयोग संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही, गणना ब्लॉकों के नक्शे तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जा रही है, ताकि क्षेत्रीय स्तर पर जनसंख्या गणना का कार्य सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जा सके। इस अवसर पर सहायक निदेशक श्री स्वदेश प्रताप सिंह शाक्य तथा मास्टर ट्रेनर श्री राजविंदर सिंह और श्री अमृतपाल सिंह द्वारा फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक कमिश्नर, अमृतसर, श्री विशाल वधावन और श्रीमती लवलीन शर्मा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर सहायक कमिश्नर ने फील्ड ट्रेनरों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, सटीकता और आपसी तालमेल के साथ करें, ताकि जनगणना 2027 के दूसरे चरण का कार्य सुचारू, व्यवस्थित और सही ढंग से पूरा किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अमृतसर जिले के फील्ड ट्रेनरों के लिए 21 से 23 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वर्तमान में चल रहा तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 सितंबर 2026 को संपन्न होगा।

जिला स्तरीय स्वच्छता मिशन की बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

अतिरिक्त उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे विकास कार्य जल्द पूरे करने के दिए निर्देश

डेली आवाज भारती



अमृतसर, :के.एस. बेदी। डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलविंदरजीत सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत आज अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री रुपिंदर पाल सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री साहिल आनंद, जिला स्वच्छता कम इंजीनियर, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता, मंडल नंबर-3, अमृतसर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे विभिन्न प्रोजेक्टों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला अमृतसर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 855 ग्राम पंचायतों हेतु 28 करोड़ 30 लाख 55 हजार रुपये के फंड जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ठोस कचरा प्रबंधन के तहत 855 ग्राम पंचायतों के लिए 5 करोड़ 43 लाख रुपये के फंड जारी किए गए हैं, जिनमें से 352 ठोस कचरा प्रबंधन प्रोजेक्टों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 101 प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं। जिले के 222 गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, जिले में ब्लॉक स्तर पर 3 प्लास्टिक कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट स्थापित किए गए हैं तथा विभिन्न गांवों में लोगों की सुविधा के लिए 74 सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत गांवों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे के उचित प्रबंधन के लिए जिले में मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) पर लगभग 42 लाख रुपये की लागत से को-ट्रीटमेंट सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव भी साझा किया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि जिले के ब्लॉक चोगावां के गांवों में बाबा भीरो वाला गौशाला, राम तीरथ गौशाला और सेवा समिति में गोबर गैस प्लांट स्थापित किए गए हैं। गोबर गैस प्लांटों से निकलने वाली स्लरी के उचित निपटान और उपयोग के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंडल नंबर-1, अमृतसर की ओर से नहरी जल परियोजना के तहत गांव कुक्कड़ांवाला के निकट पाइपलाइन बिछाने के दौरान आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्री रुपिंदर पाल सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे सभी विकास कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने ठोस कचरा प्रबंधन के लिए सीवरेज बोर्ड और नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर उचित प्रबंध करने, गोबर गैस प्लांटों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने तथा नहरी जल परियोजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने जंडियाला गुरु में 2.6 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की शुरुआत की

लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना पंजाब सरकार की मुख्य प्राथमिकता

डेली आवाज भारती



जंडियाला गुरु, :के.एस. बेदी। पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने आज नगर कौंसिल जंडियाला गुरु में विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत की। इन विकास कार्यों पर कुल 2 करोड़ ×5 लाख 88 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि पंजाब सरकार शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने तथा लोगों को बेहतर सड़कें, सीवरेज और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के मानकों के अनुसार पूरे किए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि जंडियाला गुरु में आज विभिन्न विकास कार्य शुरू किए गए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार है- 1झ्र. मालियाना गुरुद्वारा साहिब से ऊधम सिंह चौक तक सीवरेज एवं सड़क निर्माण- वार्ड नंबर 5 और 1× में इस कार्य पर 98.44 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। बाबा आला सिंह कॉलोनी की विभिन्न गलियों का निर्माण- वार्ड नंबर 5 में गलियों के निर्माण पर 87.44 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। बाबा भोरी शाह जी की धर्मशाला का निर्माण- नगर कौंसिल जंडियाला गुरु के वार्ड नंबर 8 और 9 में धर्मशाला के निर्माण पर 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। स. हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन, सीवरेज व्यवस्था तथा सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर नगर कौंसिल प्रधान स. सतिंदर सिंह, श्री राज कुमार, स. मनजिंदर सिंह, स. कुलवंत राजू, स. विपनदीप, सूबेदार छनाख सिंह, स. गुरप्रीत सिंह सचदेवा और स. सरबजीत सिंह डिंपी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पंजाब में पराली जलाने के 27 मामले दर्ज, पटियाला में एक केस पर 5 हजार रुपये जुर्माना

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में पराली जलाने के मामलों को लेकर पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) ने एटीआर रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट 24 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे पंजाब में इस सीजन में अब तक इसरो प्रोटोकॉल के अनुसार पराली जलाने की कुल 27 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 21 खेतों का मौके पर निरीक्षण किया गया है और 10 जगहों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई है। बता दें कि इसरो के मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, पराली (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं की निगरानी सैटेलाइट्स के माध्यम से की जाती है। पटियाला जिले की बात करें तो यहां पराली जलाने का एक मामला सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार एक खेत में पराली जलाने की घटना दर्ज हुई और मौके पर निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उस स्थान पर पराली जलाने की पुष्टि हो गई।

इस मामले में 5,000 रुपए का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया है। हालांकि रिपोर्ट में वसूली गई राशि शून्य दर्ज है, यानी अभी तक जुर्माना वसूला नहीं गया है। पटियाला में इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। साथ ही नोडल या सुपरवाइजरी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन, चार्जशीट, सस्पेंशन या वार्निंग नोटिस जैसी कोई कार्रवाई भी नहीं हुई है।

पीपीसीबी की कुल रिपोर्ट देखें तो, पराली जलाने की कुल घटनाएं 27 हैं। 21 खेतों की निरीक्षण की गई। 10 खेतों में पराली जलाने की पुष्टि हुई। 7 मामलों में पर्यावरण मुआवजा लगाया गया। जिससे कुल लगाया गया जुर्माना 35,000 रुपए हो गाया। इसमें से 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। सबसे ज्यादा मामले अमृतसर में 13 दर्ज हुए हैं, जिनमें से 11 खेतों का निरीक्षण हुआ और 4 जगह जलाने की पुष्टि हुई। एक मामले में 5,000 रुपए जुर्माना लगाया गया और वसूल भी कर लिया गया। फिरोजपुर में 4 मामले दर्ज हुए, 3 का निरीक्षण हुआ और 3 पर ही जलाने की पुष्टि हुई। यहां 3 मामलों में 15,000 रुपए जुर्माना लगाया गया, जिसमें से 5,000 रुपए वसूला गया। यहां 3 फार्म रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी की गई है और 4 वार्निंग नोटिस जारी हुए हैं। तरनतारन में 5 मामले दर्ज हुए, 3 का निरीक्षण हुआ, 1 की पुष्टि हुई और 5,000 रुपए जुर्माना लगा। होशियारपुर में 1 मामला दर्ज हुआ, पुष्टि भी हुई और 5,000 रुपए जुर्माना लगा लेकिन वसूली नहीं हुई। गुरदासपुर में 2, शहीद भगत सिंह नगर में 1 और पटियाला में 1 मामला दर्ज हुआ है।

पीएसपीसीएल द्वारा पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण कदम

2,109 पेंशनरों की मृत्यु तिथि तथा 876 फैमिली पेंशनरों की जन्म तिथि का रिकॉर्ड किया जाएगा अपडेट

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी। मुख्य इंजीनियर, वितरण बॉर्डर जोन, अमृतसर, इंजीनियर सुरिंदर कुमार बैंस ने बताया कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों को उनके बनते वित्तीय लाभ समय पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पेंशन पैकेज में आवश्यक रिकॉर्ड अपडेट करने संबंधी सभी डीडीओज़ को निर्देश जारी किए गए हैं। पीएसपीसीएल के सीएमडी गुरकिरत किरपाल सिंह, आईएएस, तथा पीएसईबी ज्वाइंट फोरम एवं बिजली मुलाजिम एकता मंच पंजाब के बीच हुई बैठक के दौरान यह मामला सामने आया कि पेंशन पैकेज में कुछ पेंशनरों की मृत्यु तिथि तथा कुछ फैमिली पेंशनरों की जन्म तिथि दर्ज न होने के कारण वृद्धावस्था भत्ता और एलटीसी जैसे बनते लाभों के भुगतान में कठिनाई आ रही थी। जांच के दौरान सामने आया कि 2,109 पेंशनरों की मृत्यु तिथि तथा 876 फैमिली पेंशनरों की जन्म तिथि का डेटा रिकॉर्ड में अपडेट नहीं है।

इसके कारण कुछ पात्र पेंशनरों को एलटीसी, वृद्धावस्था भत्ता तथा अन्य बनते लाभ प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएसपीसीएल के सीएमडी गुरकिरत किरपाल सिंह, आईएएस, द्वारा सभी संबंधित डीडीओज़ को उक्त कार्रवाई 15 दिनों के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनरों को उनके बनते वित्तीय लाभों का भुगतान सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके। इस संबंध में पीएसपीसीएल द्वारा 23 सितंबर, 2026 को पत्र जारी कर सभी डीडीओज़ को निर्देश दिए गए हैं कि पेंशनरों के रिकॉर्ड की तत्काल जांच की जाए। आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर रिकॉर्ड में डेटा तुरंत अपडेट किया जाए। यदि किसी पेंशनर का कोई दस्तावेज अथवा जानकारी अधूरी है, तो संबंधित कार्यालय द्वारा स्वयं संबंधित पेंशनर से संपर्क कर आवश्यक कमी को पूरा करवाया जाए।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 25-09-2026 16:40 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का




ऋचा चड्ढा लेकर आईं नया ट्रैवल शो 'मुसाफिरी', दिखेगा मुंबई का अनदेखा इतिहास


अभिनेत्री ऋचा चड्ढा की नॉन-फिक्शन ट्रैवल सीरीज 'मुसाफिरी' का पहला एपिसोड शुक्रवार से रिलीज हो रहा है। इस सीरीज में मुंबई शहर के इतिहास, वहां के समुदायों, छिपी हुई कहानियों और कम चर्चित जगहों को दिखाया जाएगा। पहले एपिसोड में मुंबई के इतिहास, कल्चर और कुछ सबसे हैरान करने वाले राज दिखाए गए हैं। इस एपिसोड में किम कार्दशियन और साउथ मुंबई के सबसे मशहूर इलाकों में से एक काला घोड़ा के बीच एक अनोखा कनेक्शन भी बताया गया है। ऋचा ने मुंबई को भी एक्सप्लोर किया है और शहर के देवी-देवताओं से जुड़े दिलचस्प किस्से बताए हैं, जिनमें मां महालक्ष्मी भी शामिल हैं, जिन्हें मुंबई की माता देवी माना जाता है।

अभिनेत्री का मानना है कि मुंबई शहर ऐसी कहानियों से भरा पड़ा है, जिनके बीच लोग बड़े होते हैं लेकिन कभी रुककर उन्हें जानने की कोशिश नहीं करते। अभिनेत्री ने कहा, मुंबई में इतनी सारी कहानियां हैं, जिनके बीच हम बड़े हुए हैं, लेकिन लोगों के साथ मैं इन्हें शेयर करना चाहती थीं। एपिसोड में दर्शकों को मुंबई के सबसे पुराने आर्मेनियाई चर्चों में से एक में भी ले जाया जाता है और गेटवे ऑफ इंडिया के इतिहास और इसे क्यों बनाया गया था, इसके बारे में भी बताया गया है। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने कहा, मुझे उम्मीद है कि जो लोग पूरी जिंदगी मुंबई में रहे हैं, वे भी शहर को एक अलग नजर से देखेंगे और उन्हें लगेगा जैसे वे एक नई मुंबई को खोज रहे हैं। मुसाफिरी का पहला एपिसोड आज शाम उनके यूट्यूब चैनल 'फुलस्टॉप' पर आएगा। एक्टिंग की बात करें तो, वह आखिरी बार संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 'हीरामंडी' द डायमंड बाजार' में देखी गई थीं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाहौर के हीरा मंडी के रेड-लाइट एरिया पर बनी यह सीरीज ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के तहत तवायफों के जीवन और राजनीतिक और व्यक्तिगत संघर्षों के साथ उनके जुड़ाव को दिखाती है। सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल और ताहा शाह बदूशा शामिल हैं। सिनेमा में वह आखिरी बार मृगदीप सिंह लांबा द्वारा डायरेक्टेड फुकरे 3 में देखी गई थीं।

17 साल की उम्र में जैकी श्रॉफ के साथ काम करने से डर गई थीं करिश्मा कपूर, बोलीं- बहुत नर्वस थी



एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने अपने शुरुआती फिल्मी दिनों को याद करते हुए मशहूर एक्टर जैकी श्रॉफ के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया। करिश्मा ने बताया कि उन्होंने जैकी श्रॉफ के साथ 1992 में आई फिल्म पुलिस ऑफिसर में काम किया था। यह उनके करियर की शुरुआती फिल्मों में से एक थी और उस वक्त वह सिर्फ 17 साल की थीं। फिल्म में एक बड़ा डांस नंबर था, जिसको लेकर वह काफी नर्वस भी थीं। दरअसल, इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 में जैकी श्रॉफ बतौर गेस्ट शामिल हुए। इस दौरान शो की जज करिश्मा ने उनके साथ काम के अनुभव को याद करते हुए कहा, मुझे नहीं पता जग्गू दादा, आपको याद है या नहीं, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि मैंने आपके साथ एक फिल्म की थी, जिसका नाम पुलिस ऑफिसर% था। यह मेरी शुरुआती फिल्मों में से एक थी। बहुत पहले की बात है, तब मैं सिर्फ 17 साल की थी। यह प्रेम कैदी के बाद की बात है। करिश्मा ने आगे उस फिल्म के एक गाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, उसमें एक गाना था देखो ये लड़की करंट मारती है . . . यह बहुत बड़ा गाना था, जिसमें काफी सारे डांसर्स थे। मुझे लगता है कि यह पहली बार था जब मैंने इतने सारे डांसर्स और किसी बड़े स्टार के साथ काम किया था। इसलिए मैं काफी डरी हुई और नर्वस भी थी। करिश्मा ने आगे कहा, जैकी श्रॉफ के साथ काम करने को मेरे लिए सम्मान और खुशी की बात बताया। आपके साथ काम करना मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। वहीं जैकी श्रॉफ ने भी करिश्मा कपूर की जमकर तारीफ की। उन्होंने करिश्मा को शानदार एक्ट्रेस बताते हुए कहा कि वह एक मल्टीटैलेंटेड कलाकार हैं और कुछ भी कर सकती हैं। जैकी श्रॉफ ने कहा, एक शानदार और प्यारी महिला के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान और खुशी की बात है। वह मल्टीटैलेंटेड हैं और कुछ भी कर सकती हैं। वह ऐसे परिवार से आती हैं, जो हमारी इंडस्ट्री का एक मजबूत हिस्सा रहा है। मुझे आपके परिवार और आप पर बहुत गर्व है। मुझे प्यार देने और पसंद करने के लिए शुक्रिया। करिश्मा कपूर और जैकी श्रॉफ ने 1992 में रिलीज हुई फिल्म पुलिस ऑफिसर में साथ काम किया था। फिल्म का डायरेक्शन अशोक गायकवाड़ ने किया था। इसमें अरुणा ईरानी और परेश रावल भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी जय नाम के एक ईमानदार और मेहनती पुलिस ऑफिसर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी हत्या कर दी जाती है। इसके बाद किशन नाम का एक ठग उसकी जगह लेता है और अपने भाई की मौत का बदला लेने का फैसला करता है।



डायरेक्टर इशिका के काम की दीवानी हुईं अदा खान

बोलीं- मैं तो बस देखती ही रह गई



अभिनेत्री अदा खान साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज 'द लिफ्ट' में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने सीरीज को लेकर अपना अनुभव शेयर करते हुए बताया कि शूट के दौरान सभी एक्टर्स के बीच में बॉन्ड काफी अच्छा बन गया था। अभिनेत्री ने आईएएनएस से कहा, हर दिन हमारा एक नया अनुभव होता था। एक ताजगी का एहसास था और मैं खुद भी कुछ नया महसूस कर रही थी। काफी समय से मुझे ऐसा कुछ करने का मौका नहीं मिला था। इस शो ने मुझे अलग ही खुशी दी और मुझे इस पर काम करके बहुत मजा आया। अदा खान ने सीरीज में अभिनेता प्रतीक सहजपाल के साथ काम करने को लेकर भी बात की। उन्होंने माना कि वह खुद इंट्रोवर्ट हैं और जल्दी दोस्ती नहीं कर पातीं लेकिन प्रतीक ने उन्हें टीम के साथ घुलने-मिलने में मदद की। उन्होंने कहा, प्रतीक ऐसा इंसान है जो खुद ही माहौल को हल्का कर देता है। वह बहुत ही चिल्ड-आउट इंसान है। आप उसके साथ बातें करते रह सकते हैं और मस्ती कर सकते हैं। मुझे लगता है कि वह उन गिने-चुने लोगों में से एक है जिसके साथ मुझे खुलने में ज्यादा समय नहीं लगा। अभिनेत्री ने बताया कि वह शूट के दौरान निर्देशक इशिका के काम से भी काफी प्रभावित रहीं थी। उन्होंने कहा, मैं कह सकती हूं कि मैं उनके काम से बहुत ज्यादा इम्प्रेस थी, या कहूं तो मंत्रमुग्ध थी। पूरे शूट के दौरान मैं बस उनके काम को देखती रह गई। इसके साथ ही शो की कहानी के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा, हर इंसान में अच्छाई और बुराई दोनों होती हैं। मुझे लगता है कि हर किरदार के पीछे एक साइकोलॉजिकल पहलू होता है। मैं ज्यादा कुछ बताना नहीं चाहती लेकिन हर किरदार में कई परतें हैं और उन्हें एक्सप्लोर करना काफी दिलचस्प रहा। अदा खान ने बताया कि लिफ्ट जैसी छोटी जगह में सुबह से लेकर पैकअप तक लंबे समय तक साथ रहने से एक्टर्स को बातचीत करने, रिलैक्स करने और बॉन्डिंग करने का खूब मौका मिला, भले ही उनके सीन खत्म हो चुके हों। उन्होंने कहा कि इससे कास्ट के बीच एक बिल्कुल अलग तरह की बॉन्डिंग बनी।

राजकुमार राव ने रीक्रिएट किया 'दीवार' का मशहूर सीन, अमिताभ बच्चन ने बजाईं तालियां



हाल ही में फिल्म 'टोस्टर' में नजर आए अभिनेता राजकुमार राव ने क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर अमिताभ बच्चन की फिल्म 'दीवार' के मशहूर सीन को रीक्रिएट कर दर्शकों को प्रभावित किया। राजकुमार राव शो के नए एपिसोड में अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के मशहूर मंदिर वाले मोनोलॉग को दोबारा पेश किया। अमिताभ बच्चन ने जैसे ही 'लाइट, साउंड, कैमरा, एक्शन' कहा, राजकुमार राव ने सीधे उनके सामने विजय के मशहूर डायलॉग को दमदार अंदाज में पेश किया। राजकुमार ने कहा, आज खुश तो बहुत होगे तुम... जो इंसान कभी तुम्हारी सीढ़ियां नहीं चढ़ा, जिसने कभी तुम्हारे सामने सिर नहीं झुकाया, जिसने कभी तुम्हारे सामने हाथ नहीं फैलाए, आज वो तुम्हारे सामने हाथ फैलाए खड़ा है। खुश तो बहुत होगे तुम। 'दीवार' हिंदी सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है और 1970 के दशक में ब्लॉकबस्टर रही थी। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने विजय वर्मा की भूमिका निभाई थी, जो गरीबी, अपमान और अपने पिता के कामों के परिणामों के बीच बड़ा होता है। बड़ा होने के बाद वह अपराध की दुनिया में कदम रखता है और ताकतवर तथा अमीर बन जाता है। राजकुमार राव का अभिनय खत्म होते ही अमिताभ बच्चन ने तालियां बजाईं। उनके साथ वामिका गब्बी और स्टूडियो में मौजूद दर्शकों ने भी राजकुमार की परफॉर्मेंस की जमकर सराहना की। इससे पहले 2021 में भी राजकुमार राव ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में इसी फिल्म के एक अन्य मशहूर सीन को रीक्रिएट किया था। उस समय वह अभिनेत्री कृति सेनन के साथ शो में पहुंचे थे। तब राजकुमार राव ने अमिताभ बच्चन से कहा था, आज मेरे पास बिल्डिंग है, प्रॉपर्टी है, बैंक बैलेंस है, बंगला है, गाड़ी है। तुम्हारे पास क्या है भाई? कौन बनेगा करोड़पति' का प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होता है।

CMYK


page 7_Layout 1 25-09-2026 17:02 Page 1

चंडीगढ़ : हेड कॉन्स्टेबल की घर में गोली मारकर हत्या

● पुलिस ने बेटे को हिरासत में लिया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल की शुक्रवार सुबह सेक्टर 22 स्थित उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के सिलसिले में उनके बेटे को हिरासत में लिया है। इस संबंध में अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान नितिन के तौर पर हुई है, जो चंडीगढ़ पुलिस की अकाउंट्स ब्रांच में तैनात थे। यह घटना सेक्टर 22 में पुलिसकर्मी के सरकारी आवास पर हुई। फायरिंग की सूचना मिलने पर सेक्टर 17 पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। घर से सबूत इकट्ठा करने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी बुलाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नितिन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसएसपी कंवरदीप कौर ने मीडिया को बताया कि अपराध के समय पीड़ित की पत्नी और बेटा घर पर मौजूद थे। जांच चल रही है और इस समय कुछ भी नहीं कहा जा सकता। जब पुलिस पहुंची, तो पीड़ित के बेटे अरमान सिंह ने शुरू में जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की। उसने पुलिस को बताया कि कुछ बाहरी लोगों ने उसके पिता की हत्या की है। हालांकि, पुलिस को उसके बयानों पर शक हुआ और उन्होंने उससे सख्ती से पूछताछ शुरू की। बाद में उसे विस्तृत पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी गोलीबारी की परिस्थितियों और घटना के समय घर में मौजूद लोगों की भूमिका की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का अब तक यही कहना है कि जांच शुरुआती चरण में है।



स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) सुदेश कुमार ने कहा कि हत्या के पीछे की परिस्थितियों या मकसद पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। रिपोर्ट्स में नितिन के बेटे का संबंध वाहन दुर्घटना के एक पुराने मामले से भी जोड़ा गया है, जिसमें एक एसयूवी से लोगों को टक्कर मारी गई थी। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या उस मामले और शुक्रवार की घटना के बीच कोई संबंध है, हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर ऐसा कोई संबंध सामने नहीं आया है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुक्रवार को हुई हत्या, 18 सितंबर को अमृतसर में ड्यूटी के दौरान पंजाब पुलिस के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर हरजीत सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने के एक हफ्ते बाद हुई है। इससे पहले, अमृतसर के अजनाला में तैनात असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर जसवंत सिंह बाल-बाल बच गए थे, जब 11 सितंबर को मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया और गोली उनकी पगड़ी को छूकर निकल गई।

जीएसटी परिषद की अगली बैठक में 'प्रक्रियागत सुधारों' पर होगा फोकस, दरों में नहीं होगा बदलाव

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद की 7 अक्टूबर को होने वाली अगली बैठक में बड़े स्तर पर जीएसटी दरों बदलाव की संभावना नहीं है। परिषद का फोकस दरों के बजाय 'प्रक्रियागत सुधारों' और हाल में किए गए दरों के युक्तिकरण के



क्रियान्वयन पर रह सकता है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय के सूत्रों की ओर से शुक्रवार को दी गई। आने वाली बैठक में परिषद के पिछले एक साल के दौरान जीएसटी दरों में किए गए बदलावों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने की उम्मीद है। इसमें दरों में व्यापक कटौती करने के बजाय क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने और दरों के युक्तिकरण के प्रभाव का आकलन करने पर ध्यान दिया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहले ही संकेत दे चुकी हैं कि 7 अक्टूबर की बैठक में 'जीएसटी 2.0' के तहत प्रक्रियागत सुधारों पर ध्यान दिया जाएगा। इनमें ई-इनवॉयसिंग और इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े नियम शामिल हैं। पिछली बैठक में दरों के युक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जबकि प्रक्रियागत सुधारों को अक्टूबर की बैठक तक टाल दिया गया था।

अमेरिकी नागरिकों से साइबर ठगी:

सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी रैकेट के मुख्य आरोपी को दबोचा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध कॉल सेंटरों के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर-आधारित वित्तीय धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने उक्त आरोपी और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ 8 सितंबर 2026 को मामला दर्ज किया था। यह मामला एक बड़े पैमाने पर चल रहे अंतरराष्ट्रीय साइबर-आधारित वित्तीय धोखाधड़ी गिरोह से संबंधित है। इसको कथित तौर पर 2024 से गुजरात के अहमदाबाद से अवैध कॉल सेंटरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा था। आरोपियों ने आपस में और अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची और फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीसी), यूएस अटॉर्नी, क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए) और अन्य



संघीय एजेंसियों के अधिकारियों का रूप धारण किया। उन्होंने वीओआईपी संचार के माध्यम से पीड़ितों को झूठी सूचना दी कि उनकी पहचान का दुरुपयोग करके किसी ने उनके कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से बाल पोर्नोग्राफी देखी है। इसके बाद, आरोपियों ने पीड़ितों को अपने बैंक खातों से पैसे निकालने, सोना खरीदने और उसे अमेरिका में उनके द्वारा नियुक्त कूरियर को सौंपने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, पीड़ितों को बहला-फुसलाकर उनसे 72 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी की गई।

मामला दर्ज होने के बाद, सीबीआई ने अहमदाबाद में उक्त आरोपी से जुड़े स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया और डिजिटल साक्ष्य वाले आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। अवैध कॉल सेंटर की स्थापना और संचालन में मुख्य भूमिका निभाने वाले आरोपी को 23 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच जारी है।

स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के दौरान चंडीग के गलियारों की सफाई



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। भारत सरकार वित्त मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार सभी बैंको द्वारा देशभर में स्वच्छता, जनभागीदारी और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम ÷स्वच्छता में सहभाग-स्वच्छ भारत, विकसित भारत है।राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, पंजाब, के उप महाप्रबंधक रामकिशोर मीना द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत आज चंडीगे के सैक्टर 17 के गलियारो की सफाई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, पंजाब तथा पंजाब नेशनल बैंक सैक्टर 17 बी शाखा के स्टाफ सदस्यों द्वारा की गयी। सफाई के बाद आम नागरिकों को स्वचछता की शपथ दिलाई गयी एवं इसका दैनिक जीवन मे महत्तव के बारे मे भी बताया गया। सुनील कुमार द्वारा बताया गया कि 1 अक्टूबर को देशभर में सुबह 8 बजे ÷एक दिन, एक घंटा, एक साथ÷ के आह्वान के साथ श्रमदान गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा । शिवराज वीज द्वारा बताया गया कि इसी तरह अभियान के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मोके पर सुनील कुमार, शिवराज वीज, बिन्नी भाटिया, रजनी वालिया, दलीप कुमार, निधि शर्मा, शिखा तंवर सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

ब्लड कैंसर के लक्षणों की समय पर पहचान और उपचार जरूरी : डॉ. प्रकाश सिंह शेखावत

जयपुर। ब्लड कैंसर कई प्रकार के होते हैं और बीमारी के प्रकार के अनुसार लक्षण भी अलग-अलग होते है। जागरूक होकर अगर समय पर लक्षणों का पता चले और सही उपचार की शुरुआत हो तो रोगी को कैंसर मुक्त करना आसान हो जाता है। ब्लड कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश सिंह शेखावत ने बताया कि सितंबर माह ब्लड कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता ब ाना, शुरुआती संकेतों को पहचानने, समय पर जांच कराने और आधुनिक उपचार को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। डॉ शेखावत ने बताया कि ब्लड कैंसर का समय पर पता चलना और सही उपचार शुरू होना मरीज के बेहतर परिणामों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सामान्य रूप से बोन मैरो और रक्त कोशिकाओं में होने वाले जेनेटिक बदलाव इन बीमारियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकांश मामलों में ब्लड कैंसर होने का कोई एक निश्चित कारण नहीं होता।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के फैसले पर सवाल: मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से जुड़े चुनाव आयोग के फैसलों और मुंबई के पवई इलाके में मस्जिद के ध्वस्तीकरण मामले को लेकर वकीलों ने अदालत का रुख किया। अधिवक्ता शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े फैसलों पर सवाल उठाते हुए मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मुंबई की एक मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर रोक को लेकर अधिवक्ता वीर कंकारिया ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी दी। अधिवक्ता शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से अल्पमत के आधार पर की गई प्रक्रिया पूरी तरह कानून के खिलाफ है। यह संविधान में दिए गए प्रावधानों और जनप्रतिनिधित्व कानून के दायरे के अनुरूप नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से मतदाताओं के नाम हटाने और



फॉर्म में अलग से जोड़े गए आवेदन और नए मानदंडों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसी भी नए मानदंड का कानूनी आधार होना चाहिए, लेकिन इस मामले में ऐसा कोई कानूनी आधार नहीं था। चुनाव आयोग, विशेष रूप से ज्ञानेश कुमार ने बिना निर्धारित सहमति और प्रक्रिया का पालन किए मनमाने तरीके से यह कदम उठाया। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने ईसीआई एनईटी को भी चुनौती दी है, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने इसे भी चुनौती दी है। उनका कहना था कि अपनाई गई प्रक्रिया कानून के अनुसार केंद्रीकृत नहीं थी।

त्रिपाठी ने कहा कि नामों को जोड़ने या हटाने का अधिकार निचले स्तर पर था, लेकिन इस प्रक्रिया को पूरी तरह केंद्रीकृत कर दिया गया। मतदाताओं को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया अपनाई गई। इससे संबंधित मांगें अदालत के सामने रखी गई हैं।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग से जुड़े सवाल पर त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है। यह जांच इस बात को तय करने के लिए होनी चाहिए कि क्या संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के खिलाफ जाकर कोई कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि यदि कानून के दायरे से बाहर जाकर काम किया गया है तो उसकी जांच जरूरी है। उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। त्रिपाठी ने उम्मीद जताई कि इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई हो सकती है।

मुंबई के पवई इलाके में स्थित एक मस्जिद के मामले में अधिवक्ता वीर कंकारिया ने बताया कि उनकी याचिका का मुख्य उद्देश्य ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगवाना था। उन्होंने बताया कि यह करीब 75 साल पुराने ट्रस्ट से जुड़ी मस्जिद का मामला है। पुनर्विकास परियोजना के तहत बिल्डर मस्जिद से जुड़े लोगों को 10वीं मंजिल पर स्थानांतरित करना चाहता था, लेकिन मस्जिद पक्ष को इसकी शर्तें और नियम स्वीकार नहीं थे। इसके बाद उन्होंने पहले बॉम्बे हाई कोर्ट में ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी।

उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट से स्टे नहीं मिलने के बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी है और महाराष्ट्र सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है।

महाराष्ट्र-गुजरात में धूमधाम से हो रहा गणपति विसर्जन, ढोल-ताशों के साथ निकले विशाल जुलूस

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना समेत देश के विभिन्न हिस्सों में कड़ी सुरक्षा के बीच गणपति की मूर्तियों का विसर्जन विशाल जुलूस के साथ कर रहे हैं। भक्तों की भारी भीड़, ढोल-ताशे की थाप और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच मुंबई के बोरीवली पूर्व से गोराई की ओर 25 फुट का उपनगरचा राजा गणपति विसर्जन जुलूस शुरू हो गया है। मुंबई में बड़े धूमधाम के साथ लाखों श्रद्धालु भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्नी अमृता फडणवीस और परिवार के साथ सीएम आवास पर गणपति की आरती की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पंकजा मुंडे और कई अन्य नेता भी मौजूद थे। गिरगांव चौपाटी पर गणपति प्रतिमा



विसर्जन के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुंबई पुलिस और बीएमसी की टीमें तैनात की गई हैं। शुक्रवार सुबह से ही भक्त ढोल-नगाड़ों और जश्न के माहौल में प्रतिमाएं लेकर वहां पहुंचने लगे हैं। ठाणे में मंत्री प्रताप सरनाईक ने आईएएनएस से कहा, ÷पिछले 11 दिनों से मुंबई और ठाणे में हमारे सभी गणेश भक्त गणेश उत्सव मना रहे हैं। आज गणेश विसर्जन का दिन है और विसर्जन पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ किया जाएगा। पूजा और आरती के बाद भक्तों ने नागपुर के राजा गणेश की मूर्ति को भावुक विदाई दी। ढोल-ताशे की थाप और ÷गणपति बप्पा मोरया÷ के जयकारों के बीच विसर्जन जुलूस आगे बढ़ा।

पुणे में बड़े धूमधाम से गणपति को विदाई दी जा रही है। पुणे में महात्मा फुले मंडई से गणपति की पांच प्रमुख मूर्तियों की विसर्जन यात्रा शुरू हुई। मंडई चौक पर मेयर मंजूषा नागपुरे, मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मंत्री माधुरी मिसल, केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल और डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार ने पूजा-अर्चना की। पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने कहा, ÷गणेश विसर्जन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नंदुरबार में 12 दिनों के भक्ति-भाव के बाद दादा-बाबा गणपति विसर्जन जुलूस शुरू होने के साथ ही 140 साल पुरानी परंपरा जारी है। इसमें करीब 228 गणेश मंडल हिस्सा लेंगे और सुरक्षा के लिए पुलिस के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। गुजरात के सूरत में अनंत चतुर्दशी के मौके पर भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन जारी है। भक्तों ने एक लाख से ज्यादा सार्वजनिक पंडालों और घरों में स्थापित मूर्तियों को विदाई दी। सूरत पुलिस ने विसर्जन की प्रक्रिया के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर करणराज सिंह वाघेला ने कहा, पिछले दो महीनों से गणपति के आगमन के लिए पुलिस की व्यवस्था लगातार जारी है और गणपति उत्सव के 10 दिनों के दौरान हर जगह पुलिस की मौजूदगी बनी रही। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सभी गणपति पंडालों का दौरा किया। साथ ही, सभी प्रमुख गणपति पंडालों पर 24/7 पुलिस की तैनाती की गई थी। सभी गणपति पंडालों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के ज़रिए भी की जा रही थी। वाघेला ने कहा, सूरत शहर की पुलिस और प्रशासन ने मिलकर 21 कृत्रिम तालाब तैयार किए हैं और हमारे तीन प्राकृतिक जलाशयों में भी विसर्जन होगा। सूरत शहर में अलग-अलग रास्तों से गणपति प्रतिमाओं का आगमन शुरू हो गया है और बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में धार्मिक उत्साह और जोश के साथ विसर्जन प्रक्रिया संपन्न हो रही है।

'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन 2026-29' की मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की समीक्षा

डेली आवाज भारती

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी एवं दुरुपयोग की रोकथाम के लिए तैयार किए गए 'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन 2026-29' के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विजन के तहत निर्धारित लक्ष्यों, राज्य के रोडमैप तथा विभिन्न विभागों एवं केंद्रीय एजेंसियों के मध्य समन्वय की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्रीय विजन के अनुरूप प्रदेश में प्रशासनिक एवं विभागीय समन्वय के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने इस विजन के चार प्रमुख स्तंभों– प्रवर्तन (Enforcement), पूर्ववर्ती रसायन एवं सिंथेटिक ड्रग्स पर रोक,



निर्माण एवं समन्वय के तहत निर्धारित लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए मुख्य सचिव ने विजन के तहत प्रवर्तन के क्षेत्र में आसूचना आधारित कार्रवाई को सुदृढ़ करने, तस्करी नेटवर्क का पूर्ण विघटन करने तथा अंतरराष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय मार्गों को सुरक्षित बनाने के संबंध चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार पूर्ववर्ती रसायनों (Precursor Chemicals) का कड़ा विनियमन सुनिश्चित करते हुए सिंथेटिक ड्रग्स के अवैध निर्माण पर प्रभावी रोक लगाने के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने मांग एवं हानि न्यूनीकरण के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता, उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास सेवाओं के विस्तार तथा क्षमता निर्माण एवं समन्वय के तहत एनसीबी की जनशक्ति, अत्याधुनिक अवसंरचना और विभिन्न एजेंसियों के मध्य बेहतर तालमेल को मजबूत करने पर भी चर्चा की। मुख्य सचिव ने प्रदेश के संवेदनशील जिलों पर विशेष फोकस करते हुए नशा मुक्ति शिविर आयोजन की जानकारी ली, साथ ही हॉटस्पॉट जिलों में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत के निर्देश दिए। सीमावर्ती एवं अफीम खेती वाले जिलों में मादक पदार्थ सेवन के विरुद्ध बहु-माध्यम जन-जागरूकता अभियान चलाकर समुचित प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

भारत में ईयू के राजदूत जीन-एरिक पाकेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपा परिचय पत्र

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पाकेट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना परिचय पत्र सौंपा। इससे पहले वे जापान में यूरोपीय संघ के राजदूत के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राजदूत एरिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ अपनी तस्वीर साझा की। एरिक ने पोस्ट में लिखा, 'भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने अपना परिचय-पत्र पेश करना मेरे लिए सम्मान की बात है। व्यापार, रक्षा, सुरक्षा और रिसर्च एवं इनोवेशन (आरएंडआई) जैसे क्षेत्रों में रिश्ते तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण और उत्साह भरे समय में भारत में यूरोपीय संघ (ईयू) का प्रतिनिधित्व करने पर मुझे गर्व है। हमारी साझा प्राथमिकताओं पर मिलकर सहयोग करने और काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पाकेट से परिचय पत्र स्वीकार किए। भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी व्यापार, रक्षा और सुरक्षा तथा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्रों में प्रगति कर रही है।



एरिक भारत में यूरोपीय संघ के राजनयिक प्रतिनिधि के तौर पर भारत-ईयू संबंधों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यूरोपीय आयोग में व्यापार से जुड़े नीतिगत क्षेत्रों, रिसर्च और इनोवेशन, ट्रांसपोर्ट, ग्रीन पॉलिसी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़ी कई वरिष्ठ जिम्मेदारियां संभाली हैं। इससे पहले एरिक 2018 से 2022 के बीच वे यूरोपीय आयोग में रिसर्च एंड इनोवेशन के डायरेक्टर-जनरल रहे। 2004 से 2007 तक वे मॉरिटानिया में ईयू के राजदूत/प्रतिनिधिमंडल प्रमुख रहे। यूरोपीय संघ ने बताया कि पैकेट ने भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी को 21वीं सदी के सबसे अहम रिश्तों में से एक बताया।

जापान में राजस्थान के कम चर्चित पर्यटन स्थलों और बौद्ध विरासत को लेकर बढ़ी रुचि

डेली आवाज भारती

टोक्यो। राजस्थान के किले-महलों और राजसी विरासत से आगे जापानी पर्यटन बाजार में राज्य के कम चर्चित स्थलों, ग्रामीण जीवन, वन्यजीव और बौद्ध विरासत को लेकर भी रुचि बढ़ रही है। टोक्यो में चल रहे Tourism EXPO Japan 2026 के दूसरे दिन राजस्थान पर्यटन विभाग की जापानी टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल ट्रेड संस्थाओं के साथ हुई ब्व्2ब्व बैठकों में नए पर्यटन अनुभवों पर चर्चा हुई। पर्यटन सचिव शुचि त्यागी के नेतृत्व में विभाग के संयुक्त निदेशक अजय शर्मा ने जापानी टूर ऑपरेटर्स को राजस्थान के प्रमुख और कम चर्चित पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। बैठकों में विरासत के साथ प्रकृति, वन्यजीव, ग्रामीण जीवन, लोक संस्कृति, हस्तशिल्प और स्थानीय खान-पान



से जुड़े अनुभवों पर जोर दिया गया। जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और जैसलमेर जैसे पारंपरिक गंतव्यों के साथ शेखावाटी, हाड़ौती और अन्य कम चर्चित क्षेत्रों की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। विभाग ने जापानी यात्रियों की रुचि के अनुरूप अनुभव आधारित पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

बौद्ध विरासत पर भी हुई चर्चा

Bwब्बैठकों में राजस्थान की बौद्ध विरासत ने भी जापानी प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से झालावाड़ जिले के कोलवी स्थित प्राचीन बौद्ध गुफा परिसर की जानकारी दी गई। चट्टानों को काटकर बनाई गई इन गुफाओं में स्तूप और बुद्ध की विशाल प्रतिमा प्रमुख आकर्षण हैं। आसपास के विनायका और हाथीगौर क्षेत्रों में भी बौद्ध गुफाएं मौजूद हैं। राजस्थान पर्यटन के अनुसार, कोलवी की गुफाएं राज्य के महत्वपूर्ण बौद्ध विरासत स्थलों में शामिल हैं। हाड़ौती क्षेत्र का यह स्थल राजस्थान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बौद्ध विरासत से जोड़ने की संभावनाएं प्रस्तुत करता है। इसे जापानी पर्यटकों के लिए राजस्थान के कम ज्ञात पर्यटन अनुभव के रूप में सामने रखा गया।

स्टूडेंट एक्सचेंज और राजस्थान स्टे में रुचि

एक्सपो के दूसरे दिन जापानी विद्यार्थियों और विश्वविद्यालयों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी राजस्थान में रुचि दिखाई। उन्होंने स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, शैक्षणिक यात्राओं और लंबे समय तक ठहरकर स्थानीय संस्कृति समझने की संभावनाओं के बारे में जानकारी ली। जापानी छात्रों ने राजस्थान में ठहरने, लोक कला, हस्तशिल्प, ग्रामीण जीवन और स्थानीय संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी मांगी। इससे पर्यटन के साथ शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए अवसरों की संभावनाएं सामने आई हैं।

पर्यटन विभाग ने जापानी प्रतिनिधियों को बताया कि राजस्थान की पहचान केवल किले-महलों तक सीमित नहीं है। यहां वन्यजीव अभयारण्य, ग्रामीण पर्यटन, लोक कला, हस्तशिल्प, धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल और विविध सांस्कृतिक परंपराएं भी पर्यटकों को अलग अनुभव प्रदान करती हैं।

Tourism EXPO Japan में राजस्थान की भागीदारी के दूसरे दिन हुई ब्व्2ब्व बैठकों से संकेत मिला कि जापानी पर्यटन बाजार में पारंपरिक स्थलों के साथ कम ज्ञात और अनुभव आधारित गंतव्यों को लेकर भी रुचि बढ़ रही है। विभाग इसी विविधता को जापानी टूर ऑपरेटर्स और यात्रियों के सामने प्रमुखता से रख रहा है।

CMYK

page 8_Layout 1 25-09-2026 21:41 Page 1

40% से अधिक एससी आबादी वाले 3,763 गांवों के विकास के लिए पंजाब सरकार का 750 करोड़ से अधिक का पैकेज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति आबादी वाले 3,763 गांवों के समग्र विकास के लिए 750 करोड़ से अधिक का विकास पैकेज घोषित किया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान इस कार्यक्रम की घोषणा की। सरकार के मुताबिक इसका उद्देश्य ऐसे गांवों में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ाना है।

योजना के तहत प्रत्येक चयनित गांव को शुरुआत में 20 लाख की अनटाइड राशि दी जाएगी। इस राशि को किसी एक निर्धारित काम तक सीमित नहीं रखा गया है। गांव की जरूरत के मुताबिक इसे बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों पर खर्च किया जा सकेगा। हालांकि राशि का इस्तेमाल होने और अतिरिक्त जरूरतों के आकलन के बाद किसी गांव के लिए आवंटन बढ़ाया भी जा सकता है। सरकार के अनुसार, इस राशि से गांवों में आरओ सिस्टम, अतिरिक्त कक्षाओं, लाइब्रेरी, एंबुलेंस, मोहल्ला क्लीनिक और सौर ऊर्जा से चलने वाली स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। इसके अलावा स्थानीय जरूरत के आधार पर अन्य विकास कार्य भी लिए जा सकेंगे। प्रत्येक गांव के लिए एक विशेष Village Development Plan (VDP) तैयार किया जाएगा, ताकि विकास कार्य जरूरत के आधार पर तय किए जा सकें। इस पूरी प्रक्रिया में संबंधित जिले के डिप्टी कमिश्नर गांव की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों की पहचान और प्राथमिकता तय करेंगे। सरकार के मुताबिक सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग इस कार्यक्रम का नोडल विभाग होगा, जबकि ग्रामीण विकास और बागवानी विभाग आवश्यक सहयोग देंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हर गांव को विकास के समान अवसर मिलना जरूरी है। उनके अनुसार सरकार का उद्देश्य ऐसे समुदायों और क्षेत्रों तक विकास पहुंचाना है, जो लंबे समय से विकास की कमी का सामना करते रहे हैं।

मोहाली में दो कथित शूटर गिरफ्तार, पुलिस के मुताबिक नंदू गैंग से संबंध

डेली आवाज भारती



मोहाली। मोहाली पुलिस ने खरड़-कुराली मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मोरिंडा में किसी व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए इलाके में रेकी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो हथियार और कारतूस बरामद करने के साथ एक काली स्कॉर्पियो भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक उसे सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध आपराधिक प्रवृत्ति के लोग काली स्कॉर्पियो में सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। इसके बाद खरड़-कुराली मार्ग पर शिवजोत एन्क्लेव के पास नाकाबंदी की गई। इसी दौरान स्कॉर्पियो को रोककर उसमें सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी अनीकेत छिक्कारा और पानीपत निवासी ईशान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों के संबंध कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, गैंग से उनके संबंध और उनके कथित आपराधिक नेटवर्क की भूमिका की पुष्टि जांच के दौरान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी मोरिंडा में संभावित वारदात से पहले रेकी कर रहे थे। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि वे किस व्यक्ति को निशाना बनाने की तैयारी में थे और उन्हें यह कथित वारदात किसके कहने पर करनी थी। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि मामला कथित कॉन्ट्रैक्ट किलिंग से जुड़ा था या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ हरियाणा में हत्या, डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। पंजाब पुलिस अब उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड के साथ-साथ पंजाब में उनके संपर्कों और संभावित नेटवर्क की जानकारी भी जुटा रही है। कपिल सांगवान उर्फ नंदू का नाम दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक आपराधिक गिरोह से जोड़ा जाता रहा है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की इस नेटवर्क में क्या भूमिका थी और मोहाली-मोरिंडा क्षेत्र में उनकी गतिविधियों का उद्देश्य क्या था। फिलहाल पुलिस की जांच का मुख्य फोकस कथित टारगेट, हथियारों के स्रोत और आरोपियों को निर्देश देने वाले व्यक्ति की पहचान पर है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दोनों आरोपी किस वारदात की तैयारी में थे।

शिरोमणी अकाली दल की मेनिफेस्टो कमेटी ने पार्टी की अलग-अलग विंगों से सुझाव लिए

कहा, घोषणापत्र को कानूनी दस्तावेज के रूप में मानने के पक्ष में पार्टी : डॉ. दलजीत सिंह चीमा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल की मेनिफेस्टो कमेटी ने आज घोषणा की हे कि वह अपने घोषणा पत्र में केवल उन सुझावों को शामिल करेगी , जिन्हे लागू किया जा सकता हो और इसे एक कानूनी दस्तावेज के रूप में माना जाएगा। इस बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कमेटी मैंबर सचिव डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि कमेटी ने पार्टी के चेयरमैन सरदार बलविंदर सिंह भूंदे की अध्यक्षता में पार्टी के अनुसूचित जाति, पिछे वर्ग और बाजीगर फ्रंट विंग से सुझाव लिए थे। डॉ. चीमा ने कहा कि विभिन्न विंगों के प्रतिनिधियों ने कमेटी से अलग-अलग मुलाकात की और प्रत्येक मुददे पर विस्तार से चर्चा करने के अलावा लिखित रूप में अपने सुझाव दिए। उन्होने कहा कि बी.सी विंग के प्रधान हीरा सिंह गार्बो या और बाजीगर फ्रंट के चेयरमैन दविंदर सिंह दयाल समेत वरिष्ठ नेताओं ने मीटिंग में भाग लिया और अपने सुझाव दिए। उन्होने कहा,'' पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष भी मीटिंग में मौजूद थे।'' यह कहते हुए कि मेनिफेस्टो कमेटी पार्टी की महिलाओं, नौजवानों, व्यापारियों , एनआरआई और कर्मचारी मोर्चे और किसानों से भी फीडबैक लेगी, डॉ. चीमा ने कहा,'' हम राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि आम आदमी की भावनाओं को भी इसमें दर्ज किया जा सके।'' उन्होने कहा कि पार्टी ने यह विस्तृत प्रक्रिया इसीलिए शुरू की है क्योंकि पंजाबियों को लगता है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने घोषणापत्र जारी करके उन्हें धोखा दिया है, जो केवल कागजों पर ही रह गए। उन्होने कहा,'' हम अपने घोषणापत्र के प्रत्येक खंड को लागू करने के लिए वचनबद्ध हैं और यही कारण है कि हम हर सुझाव के साथ-साथ उसके वित्तिय दायित्व पर भी चर्चा कर रहे हैं।''

जालंधर में युवक की लात-घूंसों से पिटाई और हथियारों से किया हमला, हमलावरों को खदेड़कर कुत्ते ने बचाई जान

- घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया

डेली आवाज भारती



जालंधर :गढ़ा के वाल्मीकि मोहल्ले में गुरुवार को कुछ युवकों ने पहले युवक को लात-घूंसों से पीटा और बाद में किरपाण से हमला कर दिया। इसी बीच एक कुत्ते की युवकों के हमले का जवाब देने के लिए धमाकेदार एंट्री हो गई। हमला होते देख कुत्ता अचानक हमलावर पर झपट पड़ा। कुत्ते के लगातार भौंकने से आरोपी पीछे हटने लगा। इसके बाद वह किरपाण लहराते हुए मौके से भाग गया। इस तरह कुत्ते के बीच में आने से युवक की जान बच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है और हालत गंभीर है। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि युवक को अकेला देखकर कई युवक उसे घेर लेते हैं और मारपीट शुरू कर देते हैं। इसी दौरान एक हमलावर किरपाण लेकर वापस आता है और युवक पर हमला करने लगता है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की कार्रवाई में जुटी है। शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। एडीसीपी माध्वी शर्मा के अनुसार, पुलिस ने ब्नस् की धारा 108 समेत अन्य धाराओं के तहत FIR दर्ज कर ली है।

स्कूल आपदा प्रबंधन योजना विषय पर लगाया दो दिवसीय कैंप



डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू) – स्थानीय पीएम श्री सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधी कैंप में प्रिंसिपल तेजिंदर कौर के नेतृत्व में स्कूल आपदा प्रबंधन योजना विषय पर दो दिवसीय कैंप आयोजित किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में सिविल डिफेंस के हरबख्श सिंह और मनिंदर कौर सहित अध्यापकों तथा छात्राओं ने भाग लिया।


कार्यक्रम की शुरुआत विश्व प्राथमिक सहायता के संस्थापक भाई घनैया जी के 308वें परलोक गमन दिवस (मल्हम-पट्टी दिवस) के अवसर पर सेवा के पुंज भगत पूर्ण सिंह जी तथा बीबी जोगिंदर कौर कोहली मुंबई के जीवन एवं सेवाओं के बारे में जानकारी देकर की गई। विद्यार्थियों को देश की सेवा करने के लिए सिविल डिफेंस वालंटियर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद स्कूल आपदा प्रबंधन योजना के संबंध में जानकारी दी गई कि कोई भी घटना या दुर्घटना कभी भी बताकर नहीं आती, लेकिन पहले से प्रशिक्षित होकर जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस दौरान सिविल डिफेंस के उद्देश्यों, प्राकृतिक एवं गैर-प्राकृतिक आपदाओं, डीआरएस, भूकंप, लिफ्टिंग-शिफ्टिंग, प्राथमिक अग्नि सुरक्षा, अग्निशामक यंत्र एबीसी-पास, आरएसईं, प्राथमिक उपचार बॉक्स, एलपीजी सुरक्षा, जानवर के काटने पर प्राथमिक सहायता तथा सहायता नंबर 112 सहित विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया और व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया। इसी दौरान सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया गया। अंत में प्रिंसिपल एवं समूचे स्टाफ की ओर से टीम सिविल डिफेंस को सम्मान चिन्ह भेंट कर उनका धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर अध्यापिका परदीप कौर, डॉ. सतिंदरजीत कौर, प्रोमिला, नीटा भाटिया, इंदू बाला, जतिंदर कौर, नवनीत कौर, चंदनप्रीत, सरबजीत कौर, गुरजीत कौर, शिवानी पुरी, जगमनजीत कौर आदि भी उपस्थित थीं।

नहीं रहे वेलकम फिल्म के 'बल्लू' मुश्ताक खान

कैंसर का आखिरी स्टेज था, मुंबई के नानावती अस्पताल में ली अंतिम सांस

- करीब 5 साल पहले ही कैंसर का पता चला था और वे ठीक भी हो गए थे
- 75 साल की उम्र में उनके निधन पर बॉलीवुड की हस्तियों ने शोक जताया
- अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम में उनके किरदार ने खूब चर्चा बटोरी

डेली आवाज भारती



बॉलीवुड एक्टर मुश्ताक खान का 75 साल की उम्र में वीरवार को निधन हो गया है। वे काफी लंबे समय से फेफड़े के कैंसर से जूझ रहे थे। उनके निधन पर बॉलीवुड की हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है। उन्हें यारी रोड कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। एक्टर मुश्ताक खान को करीब 5 साल पहले कैंसर का पता चला था और वे ठीक भी हो गए थे। हालांकि, 8 दिन पहले कैंसर फिर से लौट आया और उन्हें मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह कैंसर का आखिरी स्टेज था। इलाज के दौरान ही उनका 7 बजे निधन हो गया। मुश्ताक खान बॉलीवुड में काफी समय से काम रहे थे। पर अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम में उनके किरदार ने खूब चर्चा बटोरी। इस फिल्म में उनका बल्लू नाम का कैरेक्टर होता है जोकि लंगड़ा होता है और उनका डायलॉग मेरी एक टांग नकली हैज आज भी मीम्स और लोगों की जुबां पर है।


250 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

***इसके** अलावा वो हेरा फेरी, हम हैं राही प्यार के, गदर, जोड़ी नंबर 1 वांटेड, वेलकम, वेलकम बैक, स्त्री और स्त्री 2 सहित कई अन्य फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। उनके टेलीविजन क्रेडिट में कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, भारत एक खोज, वागले की दुनिया, नुक्कड़ और अन्य जैसे शो शामिल हैं।*

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा को लेकर लुधियाना में तैयारियां पूरी

- 26 से 30 सितंबर तक ग्लाडा ग्राउंड में पांच दिवसीय आयोजन; 70 हजार श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था
- कमिश्नरेट पुलिस के निर्देश पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू, पांच प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट और अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहली बार लुधियाना में हनुमंत कथा का आयोजन करने जा रहे हैं। मंगलम वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी की ओर से पांच दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन 26 से 30 सितंबर 2026 तक चंडीगढ़ रोड स्थित वर्धमान मिल्स के सामने ग्लाडा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। करीब एक लाख वर्गफुट में भव्य पंडाल तैयार किया गया है, जिसमें लगभग 70 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। आयोजन के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री श्रद्धालुओं को हनुमान भक्ति एवं भगवान श्रीराम से जुड़े आध्यात्मिक प्रसंगों से रूबरू कराएंगे। कार्यक्रम से पहले करीब 2,500 महिलाओं की कलश यात्रा निकाले जाने की भी तैयारी है। पंजाब के विभिन्न जिलों के अलावा आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

कमिश्नरेट पुलिस के निर्देश पर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष फोकस

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के निर्देशानुसार सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और पार्किंग को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। ट्रैफिक विंग की ओर से 26 से 30 सितंबर तक के लिए विशेष यातायात मार्ग और वैकल्पिक मार्ग योजना जारी किया गया है, ताकि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन के साथ-साथ आम जनता का यातायात भी सुचारू रखा जा सके।

पांच प्रमुख स्थानों पर डायवर्जन

जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार पांच प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं–

डायवर्जन-1 = समराला चौक
डायवर्जन-2 = ट्रांसपोर्ट नगर कट
डायवर्जन-3 = हीरा नगर
डायवर्जन-4 = जमालपुर लाइट्स
डायवर्जन-5 = कोहाड़ा चौक

ट्रैफिक प्लान में जालंधर बाईपास चौक, संजय गांधी कट, अमृत धर्म कांडा कट, सेंट्रल जेल, वर्धमान चौक, पुलिस कॉलोनी चौक, वीर पैलेस चौक, मुंडियां खुर्द चौक और कोहाड़ा चौक सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों को शामिल किया गया है। ट्रैफिक मैप के अनुसार कुछ मार्गों पर हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए विशेष रूट निर्धारित किए गए हैं, जबकि सामान्य यातायात को डायवर्ट कर वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। जमालपुर लाइट्स से कोहाड़ा चौक तथा कोहाड़ा से साहनेवाल की ओर जाने वाले मार्गों पर भी विशेष ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी।

श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल

कमिश्नरेट पुलिस के ट्रैफिक प्लान के अनुसार आयोजन स्थल के आसपास वाहनों का दबाव कम करने के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। ग्लाडा ग्राउंड, मोहिनी रिजॉर्ट और एवरेस्ट स्कूल के पास सामान्य पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, जबकि श्री राम दरबार में वीआईपी पार्किंग निर्धारित की गई है। ट्रैफिक रूट प्लान में सामान्य जनता के लिए चलने वाले मार्गों को अलग से चिन्हित किया गया है, ताकि आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय यातायात के बीच बेहतर समन्वय बना रहे।

वाहन चालकों से पुलिस निर्देशों का पालन करने की अपील

कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना की ओर से वाहन चालकों और आम जनता से अपील की गई है कि वे हनुमंत कथा के दौरान जारी किए गए डायवर्जन प्लान और निर्धारित रूट का पालन करें। पुलिस कर्मियों द्वारा मौके पर दिए जाने वाले दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा अनावश्यक रूप से आयोजन स्थल की ओर वाहन ले जाने से बचने की सलाह दी गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजन की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पार्किंग और आम जनता की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पांच दिवसीय हनुमंत कथा के दौरान स्थिति के अनुसार यातायात व्यवस्था में आवश्यक बदलाव भी किए जा सकते हैं। कमिश्नरेट पुलिस की विशेष ट्रैफिक व्यवस्था का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के साथ-साथ लुधियाना शहर के सामान्य यातायात को व्यवस्थित बनाए रखना है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 'मेरा भारत' चंडीगढ़ ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मेरा भारत चंडीगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्) इकाई, पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-11, चंडीगढ़ के सहयोग से ÷नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत÷ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 50 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक नशा-मुक्त युवा समाज के महत्व तथा विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपनी रचनात्मक सोच एवं विचारों को पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अमन ने प्रथम, नीरज ने द्वितीय तथा रेशमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत प्रविष्टियों का मूल्यांकन डॉ. मुनीश कुमार, डॉ. शाखा शारदा, डॉ. भगवंत सिंह एवं सुश्री संजू रानी की निर्णायक मंडली द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, ख्ब्ब् ब्द्धड्डद्दड्डह्ल चंडीगढ़ ने कहा कि यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण दिवसों के राष्ट्रव्यापी आयोजन तथा चल रहे ÷नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत÷ अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।

CMYK